डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
27 जुलाई 2024 शनिवार

**आज का मौसम**
32 अधिकतम
24 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो


Page- 7

# पहाड़ों से मैदान तक मूसलधार, 17 राज्यों में डरावने हालात

**नई दिल्ली/भोपाल दोपहर मेट्रो।**

मप्र समेत देश के कई हिस्सों में बारिश से अब हालात गंभीर हो चले हैं। भारतीय मौसम विभाग ने आज शनिवार को भी मप्र समेत 17 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। जबकि महाराष्ट्र के 8 जिलों पुणे, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, सातारा, चंद्रपुर, गोंदिया और गढ़चिरौली में शनिवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।, गुजरात के भी कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं। तीन हजार लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। बाढ़ प्रभावित इलाकों के यह लोग नवसारी और 500 लोग तापी जिले के हैं।



### यमुनोत्री के गर्मकुंड में मलबा

**उत्तराखंड में भारी बारिश से यमुनोत्री धाम के दोनों गर्मकुंडों में मलबा भर गया है। मंदिर का ऑफिस, रसोई टूट गई है, मंदिर तक जाने वाला पैदल पुल भी बह गया है। यमुनोत्री मंदिर को भी नुकसान हुआ है। जानकीचट्टी-यमुनोत्री पैदल मार्ग पर राममंदिर के निकट रजिस्ट्रेशन केंद्र क्षतिग्रस्त हो गया है। लोगों को भागकर जान बचानी पड़ी।**

**बेतवा नदी का मंदिर डूबा**



**पन्ना की निरंकार नदी में बोलेरो बही**



### मप्रः विदिशा में मंदिर डूबा, बोलेरो बही

भोपाल में सुबह से तेज बारिश का दौर है। वहीं विदिशा, रायसेन, हरदा, बैतूल, जबलपुर और बालाघाट में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत 21 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। पन्ना की निरंकार नदी में बोलेरो बह गई। ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाई। विदिशा में बेतवा नदी के तट पर मंदिर डूब गए। नदी के पुल पर तीन फीट ऊपर से पानी बह रहा है। कई गांवों का शहर से संपर्क टूट गया है।

### आज का अलर्ट

- **बहुत भारी बारिशः गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, राजस्थान, कर्नाटक।**
- **भारी बारिशः हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, तमिलनाडु, केरल, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल।**

### प्रभात झा का गृहग्राम में अंतिम संस्कार

**भोपाल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का अंतिम संस्कार आज उनके गृहग्राम में किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक दोपहर तीन बजे सीतागढ़ी स्थित उनके पुश्तैनी गांव कोरियाही में उनकी अंत्येष्ठी होगी। झा का कल सुबह गुरूग्राम में मेदांता अस्पताल में निधन हो गया था। वे 68 वर्ष के थे। झा की शिक्षा दीक्षा मप्र के ग्वालियर में हुई । वे भाजपा के मप्र अध्यक्ष व दो बार राज्यसभा सांसद समेत अपने महत्वपूर्ण पदों पर रहे ।



### नीट जांचः तालाब से टूटे मोबाइल फोन व डाक्युमेंट्स बरामद

**धनबाद।** नीट पेपर लीक की जांच कर रही सीबीआई टीम ने धनबाद से एक और गिरफ्तारी की है। यह पवन नामक कार ड्राइवर है। पूछताछ के बाद जांच टीम पवन को लेकर शहीद गुरुदास चटर्जी फुटबॉल मैदान के पास भाटबांध तालाब पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से यहां से एक प्लास्टिक की बोरी से एक दर्जन टूटे हुए मोबाइल, दो इंसुलेटर और गले हुए कई डॉक्यूमेंट्स बरामद किए हैं। तालाब से सीमेंट की बोरी को बाहर निकाले जाने के बाद टीम ने उसकी तलाशी ली। तलाशी में बोरी से दो आईफोन बरामद हुए।

### केजरीवाल के रिश्तेदार समेत इंजीनियर्स की जांच

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के किनारे बनने वाले नाले के निर्माण से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल के करीबी रिश्तेदार सहित चार इंजीनियरों की जांच सीबीआई करेगी। दिल्ली के उपराज्यपाल ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की अनुमति दे दी है। यह मामला साल 2015-16 का है।

### विकसित राष्ट्र पर मंथन शुरूः नीति आयोग की बैठक

# ममता ने बैठक छोड़ी, 7 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने किया बहिष्कार



**नई दिल्ली , एजेंसी।**

नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक आज शुरू हो गई लेकिन इसमें केंद्र व राज्य के बीच मतभेदों की छाया साफ नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नीति आयोग की बैठक बीच में छोड़कर चली गईं। बाहर आकर उन्होंने आरोप लगाया कि बैठक में उन्हें बोलने नहीं दिया गया। उनका माइक बंद कर दिया।

बैठक में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने पर फोकस है। मगर बैठक में इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियों वाले 7 राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी नहीं हैं, इन्होंने बैठक में आने से इनकार कर दिया। इनमें तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, केरल और झारखंड राज्य शामिल हैं। अलबत्ता बंगाल की सीएम ममता बनर्जी बैठक की शुरूआत में मौजूद थीं। वहीं असम,राजस्थान, मध्यप्रदेश,आंध्र प्रदेश और गोवा के सीएम पहुंचे हैं।जबकि केंद्र सरकार के प्रमुख सहयोगी व बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं। उनकी जगह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा शामिल हैं,इसी तरह दिल्ली राज्य से कोई प्रतिनिधि बैठक में नहीं है।

इस अहम बैठक के बहिष्कार का ऐलान बजट में भेदभाव के आरोपों के चलते कई विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों ने तीन दिन पहले ही कर दिया था। हालांकि आज बैठक में शामिल होने कोलकाता से दिल्ली रवाना होने से पहले ममता बनर्जी ने अपने तल्ख तेवर दिखाए थे। उन्होंने कहा था, 'मौका मिला तो मैं बैठक में गैर-एनडीए शासित राज्यों के साथ बजट में किए गए भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाऊंगी। साथ ही बंगाल और उसके पड़ोसी राज्यों को विभाजित करने की साजिश पर भी बोलूंगी। यदि मुझे बोलने का मौका नहीं दिया गया, तो मैं बैठक से बाहर आ जाऊंगी।' ममता ने यह भी कहा था कि मुझसे बैठक से 7 दिन पहले अपना लिखित भाषण भेजने के लिए कहा गया था, जो हमने भेज दिया था। यह बजट पेश होने से पहले की बात है।

### मेरा माइक बंद कर दिया : ममता

ममता ने कहा- मैंने पूछा कि मुझे बोलने से क्यों रोका। यह भेदभाव क्यों कर रहे हैं। विपक्ष से केवल मैं ही हूं। यह न केवल बंगाल का अपमान है, बल्कि सभी क्षेत्रीय दलों का भी अपमान है। मुझे केवल पांच मिनट के लिए बोलने की अनुमति दी गई जबकि मुझसे पहले अन्य लोगों ने बीस बीस मिनट तक बात की।



ममताने कहा, 'मैंने कहा योजना आयोग को वापस ले आइए, बंगाल को फंड दीजिए और आप भेदभाव मत कीजिए। मैंने बोला जब केंद्र सरकार चलाते हैं तो सारे राज्यों का सोचना चाहिए। जब मैं सेंट्रल फंड के बारे में बता रहा थी कि इसे पश्चिम बंगाल को नहीं दिया जा रहा है, तभी उन्होंने मेरा माइक म्यूट कर दिया।

### 15 केंद्रीय मंत्री शामिल

नीति आयोग की बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण चार पदेन सदस्यों के अलावा सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी और एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी भी मौजूद हैं।

### कश्मीर में आतंकियों से जबर्दस्त मुठभेड़, मेजर घायल, जवान शहीद

**श्रीनगर , एजेंसी।**

जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच आज जबर्दस्त मुठभेड़ चल रही है। बताया जा रहा है कि इलाके में कई आतंकी छिपे हैं। जवानों ने एक आतंकी को ढेर भी किया है। अब रक्षा अधिकारियों ने जानकारी दी है कि मुठभेड़ में चार जवान घायल हैं, जिनमें एक मेजर रैंक के अधिकारी भी हैं,जबकि एक जवान शहीद हो गया है। सेना ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में माछिल सेक्टर स्थित कामकारी में फॉर्वर्ड पोस्ट पर अज्ञात कर्मियों के साथ गोलीबारी हुई। सेना के मुताबिक, इस गोलीबारी में एक पाकिस्तानी मारा गया है, जबकि घायल जवानों को मौके से सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। सुरक्षा बलों को कुपवाड़ा में आतंकियों के छिपे होने की पहले ही जानकारी मिली थी। यहां पिछले कई दिनों से सेना एंटी टेरर ऑपरेशन चला रही है। कहा जा रहा है कि यह पाकिस्तान की तरफ से किया गया एक बीएटी अटैक है। यानि क्क्ष्क्ष का मतलब होता है बॉर्डर एक्शन टीम, जिसमें पाकिस्तानी सेना के कमांडो और आतंकी शामिल होते हैं। ये लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर घुसपैठ करते हैं।



**कुपवाड़ा में हुआ हमला, एक आतंकी ढ़ेर**

### नवी मुंबई में तीन मंजिला इमारत ढही



**मुंबई , एजेंसी।**

महाराष्ट्र के नवी मुंबई में शनिवार सुबह भीषण बारिश के बीच हादसा हो गया। यहां शहबाज गांव में एक तीन मंजिला इमारत अचानक ढह गई। इस घटना के बाद इमारत के मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। मौके पर ही पुलिस, दमकल विभाग और एनडीआरएफ की टीम पहुंच गई। फिलहाल लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। नवी मुंबई नगरपालिका आयुक्त कैलाश शिंदे ने बताया कि इमारत करीब सुबह 5 बजे ढही। यह जी+3 इमारत है। राहत-बचाव कार्य के दौरान दो लोगों को निकाल लिया गया है। दो और लोग फंसे हैं। एनडीआरएफ की टीम यहां है। बचाव कार्य जारी है।

**मेट्रो एंकर**

### देश के सबसे बड़े राज्य में शुरू हुई नई सियासी हलचल के कई मायने

# यूपी में भाजपा के अंतर्द्वंद के बीच सत्ता के लिए सपा की बेकरारी

**राजेश सिरोठिया, दोपहर मेट्रो।**

देश में नंबर की आबादी वाले जिस प्रदेश से भारत के प्रधानमंत्री क रास्ता निकलता है , उस प्रदेश क मुख्यमंत्री यानि योदी आदित्नाथ यानि अजय सिंह बिष्ट की कुर्सी खतरे में हैं। उनके मूल नाम यही है और वह क्षत्रय समाज से आते हैं। लेकिन योगी की बात सिर्फ इसीलिए नहीं रही है और न ऐसा लोकसभा में भाजपा के लचर प्रदर्शन के कारण हो रहा है बल्कि 2027 में यूपी विधानसभा के प्रस्तावित चुनावों से उपजे खतरे को लेकर है। भाजपा की चिंता है कि योगी को आगे रखकर पचास फीसदी नुकसान उठाए या उनको बदलकर 25प्रतिशत नुकसान रखा जाए।

भाजपा आलाकमान ने योगी को 2017 में मुख्यमंत्री का ताज इसलिए सौंपा था कि भगवाधारी योगी सिर्फ क्षत्रिय समाज को संभालकर नहीं रखेंगे बल्कि वे संपूर्ण हिंदु समाज को एकजुट रखेंगे। उनमें सनातन चेतना का भाव जाग्रत रखेंगे। योगी ने अपनी पहली पारी में इस भाव को काफी हद तक जिंदा रखा, लेकिन दूसरी पारी में उनको नौकरशाहों ने अपने शीशे में उतारा लिया । जनप्रतिधियों को अनदेखी होने लगी। योगी को लेकर मिल रहे इस फीडबैक से न सिर्फ अमित शाह बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काफी खफा हुए। योगी को प्रति शीर्ष नेताओं के इस भाल को भांपते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्य और ब्रसे पटैल सहित सभी शीर्ष नेताओं ने उनसे दूरी बना ली।






अब सवाल है कि योगी का विकल्प कौन? जाहिर है कि नया मुख्यमंत्री मोर्य और ब्रजेश पाठक से निकल कर कौन होगा? जहिर है कि इन दोनों में से कोई और इतर होगा। मुख्यमंत्री के बदलने की सूरत में भाजपा सत्ता परिवर्तन की अटकलों से इंकार कर रहा है लेकिन अखिलेश यादव ने जोड़तोड़ करते समाजवादी पार्टी अगुआई में सरकार बनाने का सब्जबाग देख रखा है,लेकिन वे अपने मंसूबों में कितना काम कामयाब हो सकें। भाजपा में चल रहे अंर्तचितन के बीत लखनऊ की सत्ता हथियाने की सपा की भूख देखेने लायक है।

**केंद्रीय मंत्री का खुलासा**

### गगनयान मिशन से पहले अंतरिक्ष जाएगा भारत का एक गगनयात्री



**नई दिल्ली ।** भारत के गगनयान मिशन की तैयारियां जोरों पर हैं। अब केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया है कि गगनयान मिशन के चार गगनयात्रियों में से एक गगनयात्री को अगस्त में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (द्बस्स्) भेजा जाएगा। भारत के गगन यात्री को भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो और अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा साथ मिलकर अगस्त में आईएसएस भेजेंगे। सिंह ने बताया कि गगनयान मिशन के क्रू के एक सदस्य को इसरो और नासा के बीच एक साझा अभ्यास के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र भेजा जाएगा। इस मिशन में दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ ही एक निजी कंपनी एक्सिओम स्पेस भी शामिल है। हाल ही में इसरो ने एक्सिओम स्पेश के साथ अंतरिक्ष उड़ान के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।



# बड़ा तालाब @ 1664... बादल यूं ही मेहरबान रहे तो खुलेंगे भदभदा के गेट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के दिलकश बडे तालाब का मंजर लगातार 36 घंटे की बारिश से बदल गया है। यहां पानी की लहरें उठ रही हैं और तालाब पर गिरती पानी की बूंदें इसे और खूबसूरत बना रही हैं। तालाब में करीब डेढ फीट पानी बढ़ गया है। कोलांस नदी के लेवल से 3 फीट ऊपर बहने से बड़ा तालाब में पानी का कल रात से लेवल लगातार बढ़ने लगा था। अब यह सवा फीट से भी कम खाली है। इसमें शनिवार सुबह तक 1664.50 फीट पानी है। फुल टैंक लेवल 1666.80 फीट है। भोपाल में आज सुबह से ही तेज बारिश का दौर है। ऐसे में तालाब में शाम तक पानी 65 तक भी पहुंच सकता है। भोपाल में दो दिन में तेज बारिश के चलते करीब दो इंच पानी गिर चुका है। इससे कई जगहों पर जलभराव की स्थिति भी बन गई है। लगातार बारिश होने की वजह से दिन-रात के तापमान में भी गिरावट हुई है। कल ही अधिकतम तापमान 25.9 डिग्री रहा।



बारिश से पानी से डूबी एक सड़क।

### भदभदा डैम के खुलेंगे गेट

बड़ा तालाब के फुल होने भदभदा डैम के गेट भी खुल जाएंगे। चूंकि, अभी तालाब में तेजी से पानी भर रहा है। इसलिए निगम अफसर पानी के लेवल पर पल-पल की नजर रख रहे हैं। कोलांस नदी का पानी बड़ा तालाब में पहुंचता है। जब तालाब फुल भर जाता है तो भदभदा डैम के गेट खोले जाते हैं। भदभदा डैम में ढाई फीट पानी और आते ही गेट खुल जाएंगे। इसके बाद कलियासोत डैम के गेट भी खुलेंगे। कोलांस, बड़ा तालाब, भदभदा और कलियासोत डैम एक-दूसरे से जुड़े हैं।

### एक महीने में 'पूरी' बारिश

इस बार भोपाल मानसून की एंट्री 23 जून को हुई थी। तभी से बारिश का छिटपुट दौर जारी है। लेकिन कुछ दिन पहले तेज बरसात की जरूरत महसूस की जा रही थी और अब यह पूरी हो रही है। इसे मिलाकर अब एक महीने में ही आधी से ज्यादा बारिश हो चुकी है। भोपाल में कुल सामान्य बारिश 37.6 इंच है। इसके मुकाबले अब तक 22 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है। 2015 और 2022 में सबसे ज्यादा 33.6 इंच पानी गिरा था, जबकि 2020 में 6.1 इंच बारिश हुई थी।

# राजधानी के मास्टर प्लान की हांडी फिर चढ़ाई, इस बार नए तर्क के साथ नई कमेटी

## दो दशक से बिना प्लान के विकसित हो रही है राजधानी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

दो दशक से मास्टर प्लान के बिना ही विकसित की जा रही राजधानी में फिर मास्टर प्लान को लेकर सरकार ने नई कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में सांसद, सभी विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष समेत कुल 52 सदस्य शामिल किए गए हैं। हालांकि इससे पहले भी इस तरह के कई फैसले होते रहे हैं और बदलते रहे हैं। यहां तक कि ड्राफ्ट तक निरस्त किया जा चुका है।

बताया जाता है कि नई कमेटी का गठन इस उद्देश्य से किया गया है कि मास्टर प्लान का ड्राफ्ट नए सिरे से तैयार किया जा सके, जिससे शहर का समुचित विकास हो सके। इस कमेटी में अफसरों के अलावा आर्किटेक्ट, इंजीनियर्स भी शामिल किए गए हैं, ताकि प्लानिंग और डिजाइनिंग के सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जा सके। लगभग पांच महीने पहले पुराने मास्टर प्लान के ड्राफ्ट को सरकार ने सिरे से खारिज कर दिया था। इस ड्राफ्ट पर सुनवाई हो चुकी थी, लेकिन जनप्रतिनिधियों की नाराजगी के कारण इसे अस्वीकार कर दिया गया था। नई कमेटी में सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष और सरपंच जैसे सभी जनप्रतिनिधियों को



शामिल किया गया है ताकि सबकी सहमति से एक बेहतर और प्रभावी मास्टर प्लान तैयार किया जा सके। इस पहल से उम्मीद की जा रही है कि भोपाल का भविष्य उज्ज्वल होगा और शहर का विकास योजनाबद्ध तरीके से हो सकेगा।

**कमेटी में इन्हें किया शामिल:** मंत्री व क्षेत्रीय विधायक विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक विष्णु खत्री, विधायक आतिक अकील, विधायक आरिफ मसूद, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, जिंप अध्यक्ष रामकुंवर गुर्जर, फंदा जनपद अध्यक्ष समेत सरपंच भी शामिल किए गए हैं। इनके अलावा कलेक्टर, निगम आयुक्त, डीएफओ, पीडब्ल्यूडी चीफ इंजीनियर के साथ इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर्स इंडिया, कौंसिल आफ आर्किटेक्चर इंडिया, इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियर्स इंडिया और टीएंडसीपी के ज्वाइंट डायरेक्टर को भी कमेटी में शामिल किया गया है।

### अब 23 साल आगे की सोच

पिछले ड्राफ्ट में सांसद, विधायकों की नाराजगी इसी बात से थी कि उनके सुझाव शामिल नहीं किए। मंत्री कृष्णा गौर और विधायक रामेश्वर शर्मा की नाराजगी तो सामने भी आ गई थी। विधायक शर्मा ने ड्राफ्ट को निरस्त करने की बात तक कह दी थी। आखिर में यही करना भी पडा था। फिर 23 फरवरी को नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भोपाल मास्टर प्लान को लेकर मीटिंग की थी। इसमें मौजूदा ड्राफ्ट को निरस्त करते हुए नए सिरे से मास्टर प्लान बनाने का फैसला लिया गया था। मीटिंग में यह भी फैसला लिया गया था कि 23 साल आगे यानी, 2047 की आबादी के हिसाब से प्लान तैयार होगा।

## साहित्य मंच का आयोजन कल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भारत सरकार की साहित्य अकादमी द्वारा वीना कला समिति के सहयोग से रविवार 28 जुलाई को भोपाल में साहित्य मंच का आयोजन सावन नगर,हलालपुरा स्थित निजी होटल के सभाकक्ष में शाम पांच बजे से हो रहा है। इसमें सिंधी रचनाकार हर्षा मूलचंदाणी , समीक्षा लछ्वाणी, राकेश शेवाणी और श्रीमती भारती आसुदाणी द्वारा रचनाएं पढ़ी जाएगी। साहित्य अकादमी के सिंधी भाषा संयोजक मोहन हिमथाणी ने बताया कि इस कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य साहित्य अकादमी परामर्श मंडल के सिंधी भाषा परामर्श मंडल के सदस्य अशोक मनवाणी देंगे। कार्यक्रम में भोपाल और संत हिरदाराम नगर के अनेक रचनाकार उपस्थित हो रहे हैं। अकादमी के सिंधी परामर्श मंडल वर्तमान में इंदौर से रश्मि रामाणी और भोपाल से अशोक मनवाणी शामिल हैं। वर्ष 2023 से 2027 की पांच वर्ष की अवधि के परामर्श मंडल के कार्यकाल में यह तीसरा कार्यक्रम मध्य प्रदेश में हो रहा है।

# कारगिल विजय की रजत जयंती पर शहीदों को नमन

## 25 पूर्व सैनिकों का सम्मान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ पर गुरुनानक मंडल द्वारा ईदगाह हिल्स स्थित शहीद गेट पर कारगिल में शहीद हुए योद्धाओं को नमन कर 25 पूर्व सैनिकों का शाल श्रीफल, पग?ी एंव भारत माता का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा कारगिल विजय दिवस, हमारी सेना के शौर्य, पराक्रम तथा बलिदान का प्रतीक है,कारगिल विजय दिवस कारगिल युद्ध में देश की आन, बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले मां भारती के अमर सपूतों ?ो हम सब शत शत नमन करते हे, इस अवसर पर भगवानदास ढालिया ने कहा



भारतीय सेना में अपनी सेवा देने वाले सैनिकों का सम्मान कर गौरांवित है। इस अवसर पर राजा शर्मा, विष्णु राजपूत, आलोक भदौरिया, राकेश श्रीवास्तव,शारदाप्रसाद बम्मन,अतुल घेघट,संदीप कल्याणे, मुकेश सोलंकी, सुनील सराठे, अभिषेक तिवारी,प्रभात मालवीय,चंदू यादव सहित पूर्व सैनिक एवं युवा साथी उपस्थित थे।

## एलवीएस की अध्यक्ष सानिया, प्रेरणा किरण के अध्यक्ष देवेन्द्र बने

# एल.वी.एस. स्कूल्स के छात्र परिषद के चुनाव सम्पन्न

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा. विद्यालय एवं प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद के चुनाव लोकतांत्रिक विधि से सम्पन्न हुए। छात्र-छात्राओं ने अपने उम्मीदवार को गुप्त मतदान से वोट दिया। निष्पक्ष चुनाव हेतु मतदान सी.सी.टी.वी. कैमरा की निगरानी में कराए गए।

**लक्ष्मीदवी विक्योमल शर्राफ स्कूल :** वर्ष 2024-25 के लिए अध्यक्ष सानिया घोषी, उपाध्यक्ष अलका यादव, महासचिव महक मीणा, सचिव स्तुति पाटीदार, सांस्कृतिक सचिव प्रेरणा सिंह, मनोरंजन सचिव लोनाक्षी वाघमारे, भ्रमण सचिव नेहा यादव, वाणिज्य सचिव खुशी कुकरेजा, विज्ञान सचिव पारूल यादव, पुस्तकालय सचिव योगिता मोतियानी, अनुशासन सचिव राधिका साहू, क्री?ा सचिव- सोनी माहेश्वरी, स्वच्छता सचिव- मोहिनी पाल, एवं प्रार्थना सचिव- समीक्षा घोषी चुने गए।





**प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल :** वर्ष 2024-25 के लिए अध्यक्ष देवेन्द्र रजक, उपाध्यक्ष विजय कहार, महासचिव अंशुल यादव, सचिव यशस्वी जोशी, सांस्कृतिक सचिव प्रभात चौकसे, मनोरंजन सचिव वीर श्रीवास्तव, भ्रमण सचिव समीर कहार, वाणिज्य सचिव विवेक राजपूत, विज्ञान सचिव रूपेश बागवार, पुस्तकालय सचिव दीपांश पाल, अनुशासन सचिव कृष्णा राजपूत, क्रीड़ा सचिव विशेष, स्वच्छता सचिव धनंजय कहार, स्वास्थ्य सचिव- शिवा विश्वकर्मा एवं प्रार्थना सचिव- गगन धाकड़ चुने गए।

चुनाव अधिकारी लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ विद्यालय में रूबी बंसल, रेखा सिंह एवं प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल के बृजकिशोर मालवीय, पंकज उपाध्याय ने अपने कुशल मार्गदर्शन में चुनाव करवाए। चुनाव के बाद सफल उम्मीदवारों को संस्था के सचिव रमेश हिंगोरानी, संचालक योगेश हिंगोरानी, प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी नीलेश हिंगोरानी, प्राचार्य जयश्री ममतानी एवं प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नवीन नामदेव, प्रधानाध्यापिका नीता अग्रवाल एवं समस्त स्टॉफ सदस्यों ने बधाई दी।

**मेट्रो एंकर**

## संतनगर के स्कूलों में शहीदों को नमन किया गया, कर्नल पारवानी ने युद्ध की जानकारी बच्चों को दी

# 'कारगिल युद्ध को भारतीय सैनिकों ने अपने शौर्य और जुनून से जीता था'

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

शहीद हेमू कालाणी ऐजुकेशनल सोसायटी द्वारा कारगिल विजय रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संत सिद्धभाऊजी की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता कर्नल नारायण पारवानी थे। पारवानी ने वीर सैनिकों के शौर्य एवं उनकी शहादत को पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों के सामने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर भारतीय सेना के सुबेदार मेजर तेजासिंह सोढी, सुबेदार वाय डी सिंघा, सुबेदार मनीमोहन सिन्हा, हवलदार एस एन देशमुख, इंजीनियर एन एस सोलंकी, शहीद हेमू एजुकेशनल सोसायटी के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव घनश्याम बूलचंदानी, एल सी जनियानी, थावर वरलानी, संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी, सभी संस्थाओं के संस्था प्रमुख एवं बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित थी।



भाऊजी ने कहा कि हम सभी को भारतीय सेना एवं सैनिकों के प्रति कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। निश्चित ही कारगिल का युद्ध कठिन था परन्तु हमारी सेना ने शौर्य, साहस और वीरता का प्रदर्शन कर विजय प्राप्त की। कर्नल पारवानी ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम बहुत विशेष है। कारगिल विजय दिवस भारतीय सैनिकों के शौर्य, वीरता व बलिदान की वीरगाथा है। उन्होंने ऑपरेशन विजय, ऑपरेशन सफेद सागर और ऑपरेशन तलवार का उल्लेख करते हुए कारगिल विजय प्राप्ति में भारतीय सैनिकों के अभूतपूर्व योगदान को सविस्तार प्रभावी ढंग से बताया। संस्था द्वारा अतिथियों का सरोपा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रमिता दुबे परमार द्वारा किया गया।

### एलवीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ विद्यालय, प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल एवं वीना चार्ली दासवानी गर्ल पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। संस्था के विद्यालयों में सर्वप्रथम प्रार्थना सभा में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को नमन किया गया। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर बनाए गए। बच्चों ने भाषण और नृत्य के माध्यम से शहीदों को याद किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव रमेश हिंगोरानी, संचालक योगेश हिंगोरानी एवं प्रशासनिक अधिकारी नीलेश हिंगोरानी शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।





### साधु वासवानी स्कूल

नंदवानी ऑडिटोरियम में कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कर्नल नारायण पारवानी कहा कि आज बड़े ही हर्ष व गर्व का दिवस है हर वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है, कारगिल युद्ध को आज 25 वर्ष बीत चुके हैं, कारगिल युद्ध रोमांचित करने वाला युद्ध था जो 5 मई को शुरु हुआ और 26 जुलाई को समाप्त हुआ इस युद्ध में शहीद हुए 527 सैनिकों ने जिस तरह से युद्ध लड़ा ऐसा असंभव प्रतीत होता है ऐसे घनघोर इलाकों में लड़ना बहुत की बहादुरी का काम हैं आज ये एक कहानी लगती है लेकिन ये कहानी नहीं वरन सच्ची घटना है जिन लोगों ने इस युद्ध में भाग लिया उन्हें अपनी चिंता नहीं थीं अपने देश की चिंता थी। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि आज हमें आजादी उन शहीदों के बलिदान के कारण मिली है जिन्होंने असंभव कहे जाने वाले अभियान को सफल बनाया। हर विद्यार्थी में वह जुनून व जज्बा होना चाहिए जो कारगिल के वीरों में था, आप भी सच्चे देशभक्त बनना तभी इन शहीदों को श्रद्धांजलि देना सफल होगा।

# स्कूली शिक्षा: कॅरियर पोर्टल करेगा बच्चों को गाइड, हर जिले में 2-2 शिक्षक मास्टर ट्रेनर




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश के स्कूली विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश में स्कूल जाने वाले विद्यार्थी अपनी रूचि के अनुसार करियर विकल्पों का चयन करने के लिये करियर पोर्टल तैयार किया है। पोर्टल पर 500 से अधिक करियर संबंधी, 7 हजार 500 से अधिक कॉलेज, 1000 से अधिक प्रवेश परीक्षा और 750 से अधिक छात्रवृत्तियों की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। इससे विद्यार्थी अपनी पसंद का ऑप्शन चुन सकते है। विद्यार्थियों के काउंसलिंग एवं गाइडेंस से संबंधित कौशल विकास के लिए 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित भी किया जा चुका है। इस कार्यक्रम के लिये प्रत्येक जिले से 2-2 शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में चुना गया है और उन्हें आईसीएस पोर्टल और एप के उपयोग संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण दिलाया गया है।

### आईसीएस लखनऊ के साथ अनुबंध



स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षिक एवं करियर के विकल्पों के चयन के लिये करियर काउंसलिंग के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था आईसीएस लखनऊ के साथ अनुबंध किया है। इस अनुबंध के आधार पर प्रदेश के समस्त विद्यालयों में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।

### व्यावसायिक पाठ्यक्रम के वोकेशनल ट्रेनर को प्रशिक्षण

राज्य स्तर पर प्रशिक्षत मास्टर ट्रेनर द्वारा विद्यालय में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम वोकेशनल ट्रेनर को प्रशिक्षण दिलाया गया है। व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत एम्प्लॉयबिलिटी के लिये आवश्यक हार्ड–सॉफ्ट स्किल के विकास की जानकारी, आईसीएस करियर जीपीएस मोबाइल एप पर पंजीयन के बाद विद्यार्थियों को उनकी रूचि और एप्टीट्यूड के अनुसार करियर से संबंधित विकल्पों की जानकारी दी गई।

## स्कूलों में खाली पदों पर रखे जाएंगे अतिथि शिक्षक, 7 अगस्त तक होगी ज्वाइनिंग

**लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किये दिशा-निर्देश, जिलों से मांगा ब्यौरा**

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र वर्ष 2024–25 में रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था के संबंध में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा–निर्देश जारी किए है। निर्देशों में कहा गया है कि जिन रिक्तियों के विरूद्ध शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था के लिये अतिथि शिक्षकों को रखा जाना हैं, ऐसी रिक्तियों को राज्य स्तर से जीएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित किया जायेगा। जीएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित रिक्त पद के अतिरिक्त अन्य कोई अतिथि शिक्षक शासकीय विद्यालय में नहीं रखा जा सकेगा। जिन विद्यालयों में रिक्त पद है, वहां उन्हीं शिक्षकों को नियमानुसार रखा जायेगा। इसमें हाई कोर्ट की गाइडलाइन का पालन किया जायेगा। अतिथि शिक्षक पोर्टल पर आवेदक का जिस पैनल का स्कोर कार्ड जनरेट है, केवल उसी पैनल में ज्वाइनिंग दर्ज हो सकेगी। वर्ष 2023–24 में कार्यरत अतिथि शिक्षक द्वारा जिस विद्यालय में कार्य किया गया है, उस विद्यालय में अतिथि शिक्षक द्वारा स्वयं के लॉगइन आईडी से ज्वाइनिंग दे सकें वह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अतिथि शिक्षक ऑनलाइन जॉइनिंग अपने संबंधित विद्यालय में 7 अगस्त 2024 तक अनिवार्य रूप से देंगे। यह निर्देश विभाग द्वारा जारी किये गये है।

### अतिथि शिक्षकों के लिए समय सारणी

अतिथि शिक्षक आमंत्रण के लिये जीएफएमएस पोर्टल पर रिक्त पदों का प्रदर्शन 30 जुलाई 2024 तक किया जायेगा। अतिथि शिक्षक द्वारा जीएफएमएस पोर्टल पर ज्वॉइनिंग दर्ज करना पोर्टल पर अपलोड करने का कार्य एक अगस्त से 7 अगस्त 2024 तक होगा। इसी अवधि में शाला प्रभारी ज्वॉईन किये गये अतिथि शिक्षक की उपस्थिति का प्रमाणीकरण करेंगे। ऐसी शाला में जहां नियमित शिक्षक पदस्थ है, लेकिन किन्हीं कारणों से सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र के लिये अनुपलब्ध है। वहां अतिथि शिक्षक की व्यवस्था के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने समय सारणी जारी की है। एक अगस्त से 4 अगस्त 2024 तक संकुल प्राचार्य द्वारा जीएफएमएस पोर्टल पर नियमित शिक्षक के अनुपलब्ध होने का कारण एवं आदेश की प्रति अपलोड की जायेगी। 5 और 6 अगस्त को संकुल प्राचार्य द्वारा प्रेषित की गई रिक्वेस्ट का परीक्षण कर संचालनालय से अनुमोदन दिया जायेगा। 6 एवं 7 अगस्त को अतिथि शिक्षक जीएफएमएस पोर्टल पर ज्वॉइनिंग दर्ज कर सकेंगे। 7 एवं 8 अगस्त को अतिथि शिक्षक की ज्वॉईन की प्रमाणीकरण का कार्य होगा। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतिमाह की 7 तारीख तक अनिवार्य रूप से अतिथि शिक्षकों के मानदेय देयकों का परीक्षण कर भुगतान किया जायेगा। इसकी जानकारी माह की 10 तारीख अनिवार्य रूप से जीएफएमएस पोर्टल पर दी जायेगी।

## लटेरी गोलीकांड की जांच पूरी नहीं, आयोग का कार्यकाल फिर बढ़ाना पड़ा

**विदिशा के लटेरी में लकड़ी चोरों व वन अमले के बीच हुए संघर्ष में हुई थी एक आदिवासी की मौत**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लटेरी गोली कांड की जांच सरकार दो साल में भी पूरी नहीं करा पाई। जिसके कारण अब तक पता नहीं चल पाया कि गोलीकांड में जिस आदिवासी की मौत हुई थी, उसके लिए आरोपी कौन है और गोली किन कारणों से चलाई गई थी। जांच अधूरी होने के चलते सरकार ने जांच आयोग का कार्यकाल फिर बढ़ा दिया है। अब दिसंबर 2024 तक जांच पूरी करनी होगी। असल में विदिशा के लटेरी में 9 अगस्त 2022 को जंगल से लकड़ी लेकर आ रहे कुछ लोगों को स्थानीय वन महकमे ने रोका था। अवैध रूप से लकड़ी काटकर ले जा रहे इन लोगों ने विरोध किया। इस बीच लटेरी में लोगों का हुजूम जुट गया। जिसमें वन अमला अकेला पड़ गया। इसी बीच गोली चली, जिसमें एक आदिवासी की मौत हो गई थी। तत्कालीन शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने तब कई




वन कर्मियों को निलंबित कर दिया था। इसको लेकर और विरोध शुरू हो गया। वनकर्मियों ने सभी जिलों में हथियार जमा करने शुरू कर दिए थे, लंबे समय से विरोध प्रदर्शन के बाद सरकार ने निलंबित कर्मचारियों को बहाल किया था। इस बीच सरकार ने लटेरी गोलीकांड की जांच के लिए एक आयोग का गठन कर दिया था, जिसे 3 महीने में जांच देने के लिए कहा था। आयोग उक्त जांच रिपोर्ट पूरी नहीं कर पाया, जिसके चलते अब फिर से कार्यकाल बढ़ा दिया गया।

## 61 लाख विद्यार्थियों को दी गई 309 करोड़ रुपए छात्रवृति

**योजना के लिए स्कूल शिक्षा विभाग को नोडल विभाग बनाया गया**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के अंतर्गत विद्यालयों में प?ने वाले विद्यार्थियों को समेकित छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से छात्रवृति राशि का भुगतान उनके बैंक खातों ट्रांसफर किया जा रहा है। इस योजना के लिए स्कूल शिक्षा विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। पिछले वर्ष इस योजना के माध्यम से 61 लाख विद्यार्थियों को उनकी 309 करोड़ रूपये की छात्रवृति की राशि बैंक खातों में अंतरित की गई है। समेकित छात्रवृत्ति योजना में प्रत्येक विद्यार्थी का नाम यूनिक आईडी के आधार पर उसके स्कूल के डाइस कोड के साथ मेपिंग कर कक्षावार, स्कूल वार, नामांकन ऑनलाइन किये जाने के लिए सिस्टम शिक्षा पोर्टल पर एनआईसी (नेशनल इंफॉर्मेशन सेंटर) के माध्यम से तैयार किया गया है। योजना में प्रत्येक छात्र की प्रोफाइल जिसमें विद्यार्थियों की जाति, माता-पिता का व्यवसाय, परिवार की वार्षिक आय, बीपीएल स्टेटस (ब्लोपावरटी लाइन), छात्रावासी स्टेटस, गत वर्ष का परीक्षा परिणाम आदि की जानकारी संदर्भ मे रूप में रखी जाती है।



पिछले 2 वर्षों से अनुसूचित जाति और जनजाति केन्द्र प्रवर्तित एवं राज्य प्री एवं पोस्ट मैट्रिक योजनाओं का क्रियान्वयन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित एमपी टास पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है।

### 6 विभागों की लगभग 20 प्रकार की छात्रवृति योजनाएं

सरकारी और प्रायवेट विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा एक से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को वर्तमान में 6 विभागों की लगभग 20 प्रकार की छात्रवृति योजनाएं शिक्षा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृत कर विद्यार्थियों के खाते में भुगतान की जा रही है।

**कल मप्र से जाएगा महिलाओं का जत्था**

## महिलाओं के मुद्दों पर कांग्रेस का दिल्ली से शुरू होगा आंदोलन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र महिला कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता कल दिल्ली कूच कर रहे हैं, जहां 29 जुलाई को केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ राष्ट्व्यापी आंदोलन प्रदर्शन किया जायेगा। इसमें महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक न्याय के साथ महिलाओं के साथ हो रही उत्पी?न की घटनाओं पर रोक लगाने, राजनीतिक सशक्तिकरण, आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और सुरक्षा का अधिकार जैसी तीन महत्वपूर्ण मांगे केंद्र सरकार के समक्ष रखी जायेगी। इस दौरान सभा को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी,राहुल गांधी व अन्य नेता भी संबोधित करेंगे। मप्र महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल ने बताया कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर दिल्ली के जंतर मन्तर से एक राष्टीयव्यापी





आंदोलन शुरू हो रहा है। इसी तारतम्य में मध्यप्रदेश की महिला कांग्रेस की पदाधिकारी, कार्यकर्ता भी हजारों की संख्या में दिल्ली में आयोजित राष्टीय व्यापी आंदोलन में शामिल होने के लिए पहुंचेंगी। जिसके लिए महिला कांग्रेस द्वारा जिला महिला कांग्रेस कमेटियों को महिलाओं को दिल्ली पहुंचने के निर्देश दिये गये हैं।

**म.प्र. मदरसा बोर्ड**

## 10वीं 12वीं के परीक्षा आवेदन 10 अगस्त तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



म.प्र. मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी (उर्दू माध्यम) परीक्षा सत्र 2024 के लिये परीक्षा आवेदन पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरे जाने की दिनांक पूर्व में 25 जुलाई 2024 तक निर्धारित की गई थी। उक्त तिथि को ब?ाकर 10 अगस्त 2024 (बिना विलम्ब शुल्क के) की जाती है। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार दिनांक 10 अगस्त 2024 तक तथा भरे गए आवेदन पत्र डाक द्वारा कार्यालय मदरसा बोर्ड में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2024 निर्धारित की गई है।

**मुख्यमंत्री ने कारगिल विजय दिवस पर की घोषणा**

## अग्निवीरों जवानों को पुलिस व सशस्त्र बलों में मिलेगा आरक्षण

**केंद्र सरकार ने इसी हफ्ते पूर्व अग्निवीर जवानों को सीएपीएफ में 10 फीसद आरक्षण का किया है एलान**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अग्निवीर जवानों को पुलिस व सशस्त्र बलों की भर्ती में मप्र सरकार आरक्षण देगी। यह सीमा 8 से 15 प्रतिशत हो सकती है। आयु सीमा और फिजिकल जैसे अन्य टेस्टों में भी छूट दी जा सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कारगिल विजय दिवस पर शुक्रवार को इसकी घोषणा की। इसके पहले छत्तीसगढ़, ओडिशा समेत 5 राज्य पहले ही अग्निवीरों को आरक्षण देने की घोषणा कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि अग्निपथ भर्ती योजना के नाम से जून 2022 में शुरू की गई। इसमें 17.5 से 21 वर्ष की आयु के युवाओं को



4 वर्ष की अवधि के लिए सेना में अलग-अलग पदों पर भर्ती किया जाता है। इसमें 25 प्रतिशत को अतिरिक्त 15 वर्षों के लिए बनाए रखने का प्रावधान है। हाल ही में केंद्र सरकार अग्निवीर जवानों को सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) में 10 फीसद आरक्षण देने की घोषणा कर चुका है। यह जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में दी है।

**मेट्रो एंकर** | **नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा और सीईईडब्ल्यू ने किया एमओयू**

## सौर ऊर्जा को घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आने वाला समय सौर ऊर्जा का है। हमें सौर ऊर्जा को घर-घर तक पहुंचाना है, क्योंकि ऊर्जा का सबसे सस्ता और सुलभ स्त्रोत सौर ऊर्जा बनने जा रहा है। यह बात नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने ऊर्जा विभाग और काउंसिल ऑफ एनर्जी एनवायरमेंट एण्ड वाटर (सीईईडब्ल्यू) के बीच मंत्रालय में हुए 3 साल के करारनामे (एमओयू) के बीच चर्चा के दौरान कही। उन्होंने सीईईडब्ल्यू की टीम को अन्य राज्यों में किये गये कार्यों का अनुभव मध्यप्रदेश ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साझा करने को कहा।

मंत्री शुक्ला के मौजूदगी में ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव और सीईईडब्ल्यू के सीईओ डॉ. अरूणाभ घोष ने तीन साल के एमओयू पर हस्ताक्षर किये। मंत्री शुक्ला ने सबसे पहले काउंसिल का मध्यप्रदेश में स्वागत करते हुए कहा कि निश्चित ही उनके साथ काम करने से मध्यप्रदेश के लोगों को लाभ होगा और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सीईईडब्ल्यू बिहार और आसाम में किये गये कार्यों के अनुभव को मध्यप्रदेश ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के



साथ साझा करे। साथ ही मध्यप्रदेश ऊर्जा विभाग के अधिकारी बिहार और आसाम की विजिट करें। इससे प्राप्त अनुभव से मध्यप्रदेश में बेहतर कार्य योजना बनाई जा सकेगी। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्रीवास्तव ने कहा कि ऊर्जा मंत्री शुक्ला के मार्गदर्शन में प्रदेश में काउंसिल के साथ मिलकर कार्य करेंगे। रूफ टॉप एनर्जी, कुसुम-ए एवं कुसुम-सी योजना में अधिकतम लोगों को लाभांवित करने की संभावनाओं को भी तलाशा जाएगा। उन्होंने बताया कि कंपनी के साथ आज हुए करारनामे में तत्परतापूर्वक कार्य किया जायेगा। आगामी दो माह में टेण्डर इत्यादि प्रक्रिया पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बिजली के क्षेत्र में प्रदेश में एक करोड़ से अधिक लोग अटल योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। प्रयास करेंगे कि सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाकर अधिक से अधिक लोगों तक सस्ती बिजली मुहैया कराई जाये। काउंसिल के सीईओ डॉ. घोष ने बताया कि सीईईडब्ल्यू ऊर्जा, पर्यावरण और जल के क्षेत्र में एशिया की अग्रणी गैर लाभकारी नीति अनुसंधान संस्थाओं में से एक है। यह संसाधनों के उपयोग, पुन-उपयोग और दुरूपयोग से बचाने के लिये डाटा, एकीकृत विश्लेषण और रणनीतिक ऑउटरीच का उपयोग करती है। इस अवसर पर ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध संचालक अमनवीर सिंह बैस और सीईईडब्ल्यू की प्रोग्राम डायरेक्टर शालू अग्रवाल मौजूद थीं।



## संपादकीय

### सशक्तिकरण व नजरिया

महिला सशक्तिकरण के दौर में यदि यह सवाल तो बना ही हुआ है कि महिलाओं को इससे वास्तविक रूप से कितना लाभ हुआ। ऐसे में महिलाओं के प्रति जब कोई अजीब तर्क या बयान सामने आ जाता है तो महिला सशक्तिकरण की समूची यात्रा ठहरी हुई नजर आने लगती है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ताजा बयान इसी संदर्भ में देखा जा सकता है। चूंकि उनको एक विकासपरक सोच वाले व्यक्ति के रूप में जाना जाता है तथा महिलाओं के हित में उनकी सरकार के कुछ काम महत्त्वपूर्ण हैं, तब उनकी बातों से हैरानी होती है। हांलांकि यह काफी हद तक सच है कि पिछले कुछ समय से उनकी जुबान जिस कदर फिसल या लड़खड़ा रही है, उससे हैरानी होती है कि क्या ये वही नीतीश कुमार हैं जिन्हें भारतीय राजनीति में एक शालीन राजनेता के रूप में देखा जाता रहा है। दो दिन पहले ही जब बिहार में विधानसभा में संशोधित आरक्षण कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर चल रहे विपक्ष के हंगामे के बीच राजद की महिला विधायक रेखा देवी को उन्होंने कह दिया कि 'अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो' तो एकबारगी यह बयान चौंकाने वाला लगा कि सरकार के मुखिया रहते हुए नीतीश ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए जिस तरह कई अहम फैसले लिए, क्या वे अपने विचार अभिव्यक्त करने वाली एक महिला विधायक को चुप कराने की मंशा से अपमानजनक तरीके से भी संबोधित कर सकते हैं। राज्य और देश की राजनीति में लंबा वक्त देने, एक परिपक्व और सौम्य व्यक्तित्व माने जाने और महिलाओं के हित में कई कदम उठाने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को यह क्यों लगता है कि कोई महिला विधायक इसलिए कुछ नहीं जानती है, क्योंकि वह महिला है। हालांकि यह कोई पहली बार नहीं है कि नीतीश कुमार के मुंह से महिलाओं को अपमानित करने वाली इस तरह की भाषा का प्रयोग सुना गया। इससे पहले विधानसभा में ही अपने वक्तव्य में जनसंख्या नियंत्रण के मसले पर बोलते हुए वे नाहक ही आपत्तिजनक और अवांछित भाषा का इस्तेमाल कर चुके हैं। इसके अलावा, चुनाव और राजनीतिक अभियानों में भी वे अपने प्रतिद्वंद्वी नेता और उनके परिवार के बारे में दुराग्रहपूर्ण बातें बोल चुके हैं। अफसोसजनक यह भी कि इस तरह की बातें उन्होंने किसी निजी दायरे की बातचीत में नहीं की, बल्कि सार्वजनिक मंचों पर अपने संबोधनों में की। ऐसा बोलते हुए उन्हें शायद एक पल के लिए भी नहीं महसूस हुआ कि उनके ऐसे बोल का संदेश आम जनता और खासकर महिलाओं के बीच कैसा जाएगा और खुद उनके व्यक्तित्व को किस नजरिए से देखा जाएगा। विडंबना यह है कि हाल के महीनों में नीतीश कुमार के कई बार नाहक ही आपा खोने, कुछ बयानों और हावभाव ने राजनीतिक गलियारों और आम लोगों के बीच गैरजरूरी चर्चाओं को जन्म दिया! इसमें कोई दो राय नहीं कि उनकी सरकार ने तंत्र में भागीदारी बड़ाने के लिए बिहार में महिलाओं के लिए पचास फीसद तक आरक्षण की व्यवस्था की, स्कूली शिक्षा में लड़कियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए। बिहार में शराबबंदी के पीछे भी उनका मकसद महिलाओं को सामाजिक-पारिवारिक जटिलताओं और हिंसा से बचाना था। बहरहाल इस पर सवाल और बहसें चलते रहेंगे लेकिन जरूरत इस बात की है कि महिलाओं के लिये नीति बनाने वाले लोग गैरजरूरी टिप्पणी से बचें ताकि समाज का वह तबका जो महिलाओं के सशक्तिकरण में पक्ष में अब तक मानस नहीं बना पाया है, उसे भी अपने विचारों को मजबूत करने का मौका न मिल सके।

# आंकड़ों में दूसरा यथार्थ भी छिपा है, सरकार के लिए *चुनौती* पेश करेंगे कुछ विरोधाभास

■ पिनाकी चक्रवर्ती

बीते नौ जून को सत्ता में आई नई राजग सरकार का यह पहला पूर्ण बजट है। यह बजट कई मायनों में खास है, जो अगले पांच वर्षों के दौरान आर्थिक प्रबंधन के लिए नीतिगत ढांचे का प्रतिबिंब है। बजट की शुरुआत दो सावधानियों के साथ होती है- बढ़ती वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और वैश्विक मुद्रास्फीति का बढ़ता जोखिम। बजट भाषण में वित्त मंत्री द्वारा इन दो वैश्विक जोखिमों का उल्लेख दर्शाता है कि भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था इन वैश्विक जोखिमों के प्रति कितनी संवेदनशील है। वित्त मंत्री ने जोर देकर कहा कि इन जोखिमों के बावजूद भारत के विकास की गति बनी रहेगी। लेकिन इसके लिए एक स्थिर व व्यापक आर्थिक व्यवस्था, टिकाऊ ऋण और घरेलू निवेश व उपभोक्ता मांग में बढ़ोतरी बेहद जरूरी है। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में भारतीय अर्थव्यवस्था में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए केंद्रीय बजट 2024-25 में नौ प्राथमिकताएं बताई हैं। इनमें उत्पादकता, नौकरियां, सामाजिक न्याय, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढांचा, नवाचार और सुधार शामिल हैं। इन बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। हाल के वर्षों में बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती रही है। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि इस बार बजट में रोजगार, कौशल विकास, लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम आकार के उद्यम (एमएसएमई) एवं मध्यवर्ग पर खास ध्यान दिया गया है। बजट में रोजगार बढ़ाने या निजी क्षेत्र में रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय से संबंधित जिन पांच योजनाओं की घोषणा की गई है, वे समावेशी विकास और सामाजिक विकास के लिए सक्षम ढांचा बना सकती हैं। ये घोषणाएं इस तथ्य को भी रेखांकित करती हैं कि बेरोजगारी इस समय देश के सामने सबसे गंभीर एवं व्यापक आर्थिक समस्याओं में से एक है। कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र और रोजगार के अवसरों के बीच अंतर को पाटने के लिए, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस मुद्दे को संबोधित करने के उद्देश्य से 2 ट्रिलियन (बीस खरब) रुपये के प्रधानमंत्री पैकेज के हिस्से के रूप में एक नई केंद्र प्रायोजित योजना की भी घोषणा की। 60 हजार करोड़ रुपये के परिव्यय वाली इस योजना का लक्ष्य राज्य सरकारों और उद्योग के सहयोग से अगले पांच वर्षों में बीस लाख से अधिक युवाओं को कौशल प्रदान करना है। कौशल के परिणाम और गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जो पाठ्यक्रम सामग्री और डिजाइन उद्योग की जरूरतों के अनुरूप है। 60 हजार करोड़ रुपये में से, राज्य सरकारें 20 हजार करोड़ रुपये और उद्योग जगत 10 हजार करोड़ रुपये का योगदान देगा, जिसमें उसके कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड भी शामिल हैं। इस बजट में अगली पीढ़ी के सुधारों से संबंधित कई घोषणाएं की गई हैं। ये सुधार भूमि, श्रम, पूंजी, केंद्र-राज्य समन्वय और प्रौद्योगिकी के उपयोग से संबंधित हैं। बजट में जलवायु अनुकूलन और शमन के लिए पूंजी की उपलब्धता बढ़ाने की खातिर सक्षम ढांचा बनाने पर भी जोर दिया गया है। इनमें से अधिकांश सुधारों का क्रियान्वयन राज्यों के अधिकार क्षेत्र में है। खास तौर से भूमि से संबंधित कोई भी सुधार राज्य सरकारों को ही करना होगा। संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, भूमि पर अधिकार, जमींदार और किरायेदार के संबंध सहित भूमि का स्वामित्व, और किराये का संग्रह; कृषि भूमि का हस्तांतरण तथा भूमि सुधार राज्य के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। पिछले दो दशकों में भूमि एवं भूमि बाजार में सुधार की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। कुछ राज्यों में भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण एक बड़ी कामयाबी है। इस संबंध में राज्य स्तर पर व्यावहारिक भूमि संबंधी नीतिगत सुधारों के लिए विभिन्न राज्य स्तरीय नीतियों को समझना महत्वपूर्ण है। इस मामले में केंद्र सरकार केवल राज्यों को सक्षम बना सकती है। ये सुधार केंद्र सरकार द्वारा संचालित नहीं किए जा सकते। इसलिए ऐसे सुधारों के कार्यान्वयन की सफलता के लिए राज्य सरकारों के साथ परामर्श प्रक्रिया की शुरुआत करनी होगी। इस बजट में आयकर ढांचे में इस तरह परिवर्तन किया गया है कि आयकर भुगतान के बाद लोगों के हाथों में ज्यादा पैसा बचा रहे। इसके लिए मूल छूट सीमा को बढ़ाया गया है, जिसके तहत वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक कटौती को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह



पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती में छूट सीमा भी 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दी गई है। बजट में आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा की भी घोषणा की गई है। चूंकि आधुनिक कर प्रणाली सरल और प्रशासन में आसान है, इसलिए आयकर अधिनियम की समीक्षा बेहद महत्वपूर्ण है। आयकर स्लैब में भी बदलाव किया गया है, जिससे आय वितरण के निचले छोर पर रहने वाले लोगों को मदद मिलेगी। हालांकि आयकर व्यवस्था वेतनभोगी और मध्यम वर्ग के हाथों में कर चुकाने के बाद अधिक आय प्रदान करती प्रतीत होती है। चूंकि ज्यादातर लोग नई कर व्यवस्था चुन रहे हैं, नए बजट के प्रावधानों के अनुसार, अब आम लोगों के हाथ में ज्यादा खर्च योग्य आय बचेगी, जिससे उन्हें महंगाई से निपटने में भी सहूलियत मिलेगी। लेकिन कैपिटल गेन टैक्स की दर में बदलाव, उन बदलावों के अनुरूप नहीं है, जो हाल के वर्षों में हमने वित्तीय बाजारों में देखे हैं। भारत के वित्तीय बाजार में खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़ने से बदलाव की संभावना है। पिछले तीन वर्षों में जब भी देश से पूंजी का बहिर्गमन हुआ है, खुदरा निवेशकों ने ही मदद की है। कैपिटल गेन टैक्स में वृद्धि निवेशकों को विरोधाभासी संकेत दे सकती है तथा शेयर बाजार के आधार को बढ़ाने के बड़े नीतिगत लक्ष्य के विरुद्ध दिख सकती है। मगर राजकोषीय हिसाब-किताब के लिहाज से बजट के आंकड़े प्रभावशाली हैं। राजकोषीय विवेक के साथ चलते रहना होगा और केंद्र सरकार के ऋण और घाटे को राजकोषीय जवाबदेही और बजट प्रबंधन अधिनियम के अनुरूप कम करना होगा।

**- साभार**

## बजट यदि कांग्रेस घोषणापत्र का कॉपी पेस्ट तो आलोचना क्यों?

■ राजीव खंडेलवाल

हमारे देश में पक्ष व विपक्ष के बीच खाई इतनी गहरी हो गई है कि परस्पर एक दूसरे की आलोचना करते समय वे प्रायः तथ्यों से परे हो जाते हैं। कई बार तो आलोचना करने में वे इतने मशगूल हो जाते हैं कि जाने-अनजाने में आलोचना न होकर समालोचना या प्रशंसा हो जाती है। राहुल गांधी की बजट पर प्रतिक्रिया व उसके बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया सुनेत का कथन इसी श्रेणी में आता है। राहुल ने अपनी बजट प्रक्रिया में तीन मुख्य बातें कहीं हैं। पहला यह ''कुर्सी बचाओ बजट है'', जो बिल्कुल सही है। लेकिन कृपया वे यह बतलाने का कष्ट करें कि 77 साल की स्वाधीनता की अवधि में किस वर्ष का, किस सरकार का बजट ''कुर्सी बचाओ'' बजट के बजाय ''कुर्सी गिराओ'' या ''कुर्सी खोने'' वाला बजट रहा है? दूसरा कथन सहयोगियों को खुश करने की कोशिश में सहयोगियों से सरकार ने अन्य राज्यों की कीमत पर ''खोखले वादे'' किए हैं। यह तथ्यों के बिल्कुल विपरीत हैं। क्योंकि सरकार ने आंध्र प्रदेश के लिए विशेष पैकेज 15000 करो? रू. का व बिहार के लिए 26000 करोड़ रु. का प्रावधान किया है, जिससे दोनों राज्य सरकारें संतुष्ट हैं। अतः यह खोखला वादा कैसे हो सकता है? तीसरा सबसे महत्वपूर्ण कथन इस बजट को कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र और पिछले बजट की नकल करार दिया है। प्रतिक्रिया के आखिरी के उक्त दो कथन राहुल गांधी की बुद्धि पर प्रश्न वाचक चिन्ह लगाते हैं। ''कांग्रेस के घोषणा पत्र की ''कापी पेस्ट'' है'', यह बात समझ से परे है। राहुल का यह कथन आलोचना है अथवा प्रशंसा? आखिर राहुल गांधी कहना क्या चाहते है? जब वे आलोचना करते हुए कहते है कि एनडीए सरकार का यह बजट कांग्रेस के घोषणापत्र का ''कॉपी पेस्ट'' है, तो उसका तो अर्थ यही निकलता है कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को रूबरू भाजपा ने अपने बजट में अपना लिया है। तब तो इस बात के लिए राहुल गांधी को भाजपा की प्रशंसा करनी चाहिए। यदि यह आलोचना है तो उसका मतलब तो यह निकलता है कि भाजपा ने कांग्रेस का घोषणापत्र जो गलत है, को अपना लिया है। इसलिए राहुल गांधी ने आलोचना की है। हर सिक्के के दो पहलू के समान बजट के भी दो पहलू हैं। कुछ विशेषताएं तो कुछ कमियां! बजट का दोनों आर्थिक व राजनीतिक दृष्टि से आकलन किया जाना आवश्यक है। 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश के समस्त लोगों की हर खाहिशें की पूर्ति कोई एक बजट नहीं कर सकता है। हाँ उस दिशा में जरूर आगे बढा जा सकता है। यदि हम आर्थिक दृष्टि से बजट की आकलन करे तो, इसका सबसे बडा बैरोमीटर (पेरामीटर) बजट के तुरंत बाद आई शेयर मार्केट की प्रतिक्रिया है, जो बजट पेश करने के पूर्व 220 अंक से भी ज्यादा बड़ा हुआ खुलकर बजट प्रस्तुत होने पर 1200 अंक से ज्यादा सूचकांक गिर गया। मतलब आर्थिक दृष्टि से बजट ठीक नहीं रहा। शायद इसका एक कारण दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ पर कर की दर 10 प्रतिशत से बड़ाकर 12.50 व अल्पकालीन पूंजीगत लाभ (एसटीटी) पर 15 से 20 प्रतिशत कर देना भी हो सकता है। एलटीटी की दर में भी बढोत्री की गई है। राजनीतिक दृष्टि से एनडीए के दोनों साथियों जेडीयू एवं तेलगुदेशम को साधने में सरकार सफल रही है, जिनकी बैसाखी पर सरकार खडी है। इस आधार पर कांग्रेस की आलोचना नितांत गलत है। क्योंकि उसने भी यूपीए के समय अपने साथियों की इच्छाओं की पूर्ति की थी। निश्चित रूप से हर बार के बजट के समान इस बार के बाजार की भी अपनी कुछ विशेषताएं व अच्छाईयां है, जिनका स्वागत किया जाना चाहिये। मुद्रास्फीति की दर 3.1 प्रतिशत तक सीमित रखी गई। रोजगार के मुद्दे पर पिछला चुनाव लड़ा गया था, जिस पर ज्यादा ध्यान केन्द्रीत कर शिक्षा व रोजगार पर 1.48 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया। मुद्रा ऋण की सीमा 10 लाख से बढाकर 20 लाख करना, नये युवा रोजगार के लिए 7.5 लाख की नई स्कीम तथा 3 प्रतिशत की दर से छात्रों को ऋण देना। ये सब रोजगार को संबोधित करने वाले प्रावधान हैं। 80 करोड़ लोगों को दी जाने वाली मुफत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले पांच वर्ष के लिए और बड़ा दिया है। यदि मैं इस बजट को एक लाइन में कहूं कि ''यह डिफॉल्ट का सहयोगी व डिपॉजिट का असहयोगी है,'' तो अतिश्योक्ति नहीं होगा। क्योंकि धारा 80 सी (चेप्टर 6) के अंतर्गत निवेश की सीमा रू. 1.5 लाख से नहीं बढाई गई जो सालो पूर्व से बनी हुई है। क्या सरकार बचत को प्रोत्साहन नहीं देना चाहती है? टीडीएस की त्रुटि के लिए धारा 276 बी के अभियोजन के प्रावधान को समाप्त किया गया। दूसरा कराधान की दो टैक्स स्कीम है। पहली स्कीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जब सरकार खुद यह कहती है कि नई कर व्यवस्था को दो तिहायियों से ज्यादा लोगों ने अपनाया है, तब सरकार उसे समाप्त क्यों नहीं कर देती है। विभिन्न आय वर्गो के स्लेप में जो छूट आयकर की दरों में दी गई, वह स्वागत योग्य है। एक और महत्वपूर्ण संशोधन किया गया जो अपवंचित आय के लिए लिमिटेशन 10 साल की थी, को घटाकर 6 वर्ष कर दिया गया व उसकी न्यूनतम सीमा भी 50 लाख रू. कर दी है। विवाद से विश्वास स्कीम योजना 2024 फिर से लाई जा रही है। स्टार्टअप के लिए एंजल टैक्स एक्ट कर दिया है। संक्षिप्त में जिस प्रकार भोजन के स्वाद में नमक-मिर्च, खट्टा-मिट्ठा होने से जायका अच्छा होता है वैसे ही इस बजट का टेस्ट भी है। अतः इसका संपूर्णतः इस बजट का स्वागत किया जाना चाहिए।

## निशाना

### अटकलें हैं तेज़ !



**- कृष्णेन्द्र राय**

छोड़ देंगे पार्टी ।
हो गए नाराज़ ।।
अटकलें हैं तेज़ ।
ना रहा कुछ राज ।।
सपरिवार जाना है ।
लिया उन्होंने ठान ।।
हो चुके मज़बूत ।
ना भटकाना ध्यान ।।
लगे भले ही वक्त ।
ख़बर आने वाली ।।
घटनाक्रम दिलचस्प ।
आ सकती हरियाली ।।
हो चुका है मोहभंग ।
दौर अलग है आया ।।
लग रहा है इधर से ।
है पूरा सफाया ।।

## आज का इतिहास

- 1054 सीरवर्ड, नॉर्थम्ब्रिया के अर्ल, ने स्कॉटलैंड के एक आक्रमण का नेतृत्व किया और स्कॉटलैंड के राजा मैकबेथ को युद्ध के घाट के उत्तर में स्कॉटलैंड के राजा पर हमला किया।
- 1302 बीजान्टिन-ओटोमन युद्धों- ओटोमन सल्तनत ने बिथिनिया के बैबियस युद्ध में बीजान्टिन साम्राज्य के खिलाफ अपनी बड़ी जीत दर्ज की।
- 1586 सर वॉल्टर रालेह वर्जीनिया से लंदन में तंबाकू लाने वाले व्यक्ति बने।
- 1655 नीदरलैंड और ब्रांडेनबर्ग ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1694 इंग्लैंड सरकार के बैंकर के रूप में एक रॉयल चार्टर बैंक ऑफ इंग्लैंड को दिया गया था।
- 1709 सम्राट इम्पेरर नाकमिकादो जापान के सिंहासन पर बैठे।
- 1713 रूस और तुर्की ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1714 ब्रिटिश रानी ऐनी ने प्रीमियर रॉबर्ट हेली को खारिज किया।
- 1720 रूसी नौसेना की दूसरी महत्वपूर्ण जीत - गेंग्मम की लड़ाई।
- 1724 पीटर द वाइल्ड बॉय %हनोवर में हैवेनसेन के पास पक?ा गया।
- 1789 अमेरिकी राज्य विभाग, जिसे तब विभाग के मामलों के विभाग के रूप में जाना जाता था, यू.एस.संक्रमण के तहत बनाई गई पहली संघीय एजेंसी बन गई।
- 1794 नेशनल कन्वेंशन ने आतंकवादी नेता मैक्सिमिलियन रोबेस्पिएरे की गिरफ्तारी और फांसी का आदेश दिया, जब उन्होंने फ्रांसीसी क्रांति के 17,000 से अधिक दुश्मनों को ड्डह्लद्गह्यह्ल उत्पीड़न 'के लिए प्रोत्साहित किया।
- 1836 दक्षिण आस्ट्रेलिया में एडीलेड की स्थापना हुई।
- 1836 दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में एडिलेड की स्थापना की गई।

दरिद्रता अभिशाप है और वरदान भी। वह व्यक्ति रूप में एक विशिष्ट समय तक तुम्हारा परिसंस्कार करती है–पर यह अवधि दीर्घ नहीं होनी चाहिए।

-सुरेंद्र वर्मा

## स्मृति शेषः 'प्रभात' का कभी *सूर्यास्त* नहीं हो सकता

■ लोकेंद्र पाराशर

मनुष्य जब अस्तित्व में आता है, तो उसकी प्रारंभिक पहचान उसकी देह से होती है। सामान्य व्यक्ति इसी देह के साथ ही एक दिन समाप्त भी हो जाता है। लेकिन समाज में कुछ ऐसे लोग भी जन्म लेते हैं, जिन्हें उनकी देह से नहीं दैदीव्यता से पहचाना जाता है। ऐसे ही मनुष्य को असाधारण, विलक्षण, प्रखर, प्रतापी, विचारवान, दयावान, निर्णायक, परिश्रमी जैसे शब्दों से अलंकृत किया जाता है। प्रभात झा जी के जीवन काल को हम देखें तो ध्यान में आता है कि उन्होंने सब बातों की चिंता करते हुए यदि किसी एक चीज की चिंता नहीं की तो, वह उनकी देह ही थी। देह से पूर्णतः विरक्त रहकर रक्त-रक्त को परिश्रम की पराकाष्ठा में लगा देना ही प्रभात जी की पहचान थी। बिहार से चलकर मुंबई और ग्वालियर आगमन की यात्रा को जिन लोगों ने देखा, उन्होंने प्रभात जी को एक अभाव में पलने वाले 'प्रभाव' के रूप में ही देखा।



मेरा उनका परिचय 1984 में उस समय हुआ जब माननीय अटल जी ग्वालियर से श्री माधवराव सिंधिया जी के विरुद्ध चुनाव मैदान में थे। एक सभा के मंच के समीप ही उन्होंने मुझे पूछा 'मुझे जानते हो?' मैंने कहा नहीं तो...। वे मुझे पास की दुकान में मौसम्बी रस पिलाने ले गए, वहीं पूरा परिचय दिया। मैं भौंचक्का था, कारण का उल्लेख करना समचीनी नहीं है, बस इतना समझ लीजिए कि मैं उनके नाम को लेकर दुराग्रही था। लेकिन उस पहले परिचय के बाद उन्होंने जिस आत्मीयता के साथ मुझे भाजपा के संभागीय कार्यालय मुखर्जी भवन में आवास उपलब्ध कराने से लेकर पढ़ाई-लिखाई तक की चिंता की, उसने तो मुझे अंदर तक ग्लानि से भर दिया। 'मैं क्या सोचता था और वो क्या निकले।' समय बीतता गया और बताता गया कि प्रभात जी यानि परिश्रम, प्रभात जी यानि पकड़, प्रभात जी यानि स्मरण शक्ति, प्रभात जी यानि वैचारिक स्पष्टता, प्रभात जी यानि प्रखरता और प्रभात जी यानि अपार संभावना का रास्ता। हुआ भी यही। प्रभात जी के साथ 'स्वदेश' में कार्य करने का कुछ वर्ष अनुभव रहा। सारा आभा मण्डल प्रभात जी के इर्दगिर्द ही डोलता था। ग्वालियर का ऐसा कोई गली मोहल्ला नहीं था, जिसके किसी न किसी परिवार से प्रभात जी का टिफिन न आता हो। लोग पूछते थे प्रभात जी का परिवार नहीं है क्या दरअसल उनका परिवार भी था। भाभी को वर्षों तक समझ ही नहीं आया कि पति मिला है या संन्यासी। खैर! जीवछ और बऊआ नामक बेटों के आने के बाद भी कभी किसी ने यह नहीं देखा कि प्रभात जी पण्डित जी (वे भाभी को पण्डित जी ही कहते थे) के साथ बाजार गए हैं या बेटों को किसी उद्यान की सैर करा रहे हैं।

कुल मिलाकर परिवार की जिम्मेदारी से लगभग विरक्त रहकर उन्होंने अपनी यात्रा को समष्टि के लिए इस कदर आगे बढ़ाया कि विचार ने उन्हें भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश का पहला मीडिया प्रभारी बनाया। बाद में वे राष्ट्रीय पदाधिकारी, सांसद और प्रदेश अध्यक्ष भी बने। वे जहां रहे, वहां अपने कृतित्व की सुगंध छोड़ते चले गए। मैं सात वर्षों से अधिक भाजपा का प्रदेश मीडिया प्रभारी रहा, लेकिन मैंने यह अनुभव किया कि इस विभाग पर आज भी सिर्फ प्रभात जी की ही छाप है। यह देखकर मुझे सदैव आनंद ही रहा, क्योंकि वे मेरे पत्रकारिता काल के योग्य अग्रज रहे थे।


प्रभात जी हमारे बीच देह से भले नहीं हैं, लेकिन उनके प्राण तत्व की प्रतिष्ठा ऐसी है कि वह पग-पग पर परामर्श देती रहेगी। उनके व्यक्तित्व के पीछे केवल और केवल उनकी वैचारिक स्पष्टता और उस पर चलने की बेजोड़ कर्मठता थी। शब्दों की मर्यादाएं ऐसी हैं कि वह प्रभात जी के कृतित्व को समेट ही नहीं सकती। आज हमने अपना नक्षत्र खोया तो है, लेकिन केवल शरीर से खोया है, उनका शरीर निसंदेह अधिक परिश्रम की भेंट चढ़ा है। वरना इतनी जल्दी जाते ही नहीं। प्रभात जी हमें जो देकर गए हैं वह प्रेरणा अविनाशी है। उन्होने जो दिया है, उसके लिए असंख्य कार्यकर्ता अनंत काल तक कृतज्ञ रहेंगे। क्योंकि 'प्रभात' का कभी 'सूर्यास्त' नहीं हो सकता।

**-लेखक भाजपा मप्र के प्रदेश मंत्री हैं।**

## अपना प्यार तुम्हारे कक्ष में छोड़ आया हूं...

■ आशीष अग्रवाल

यूं तो ग्वालियर के नाते आदरणीय प्रभात झा जी से मेरा संबंध पुराना है, मेरे पिता जी के समय सदर बाज़ार स्थित निवास पर आते मैंने उन्हें कई बार देखा। निवास पर आकर पिता जी के साथ ठहाके लगाना, बातें करना और मुझे प्रेम स्वरूप आशीर्वाद देने का वह चित्र मेरी स्मृतियों में आज भी तरोताजा है !अभी कुछ दिन पहले की ही बात है मैंने और प्रभात झा जी भाईसाहब ने ग्वालियर से भोपाल का सफर ट्रेन द्वारा तय किया। यात्रा एवं खान-पान के दौरान उन्होंने कई किस्से शेयर किएज्मैं बार-बार उनसे कहता कि अब आप आराम कीजिए मैं ऊपर की सीट पर चला जाता हूं...लेकिन वो कहते कि तुम्हें आराम करना है तो तुम जाओ पर मुझे चर्चा में आनंद आ रहा है। जिसके बाद निरंतर रात 8 बजे से 1 बजे तक मैंने उनके कई राजनैतिक किस्सों का आनंद लिया और इस बीच कब ग्वालियर से भोपाल आ गया पता ही नहीं चला। उस वक्त लगा नहीं था कि ये मेरा उनके साथ आखिरी सफर होगा। प्रभात जी ने जीवन में बड़ी ही कर्मठता से एक मुकाम हासिल किया। आप सदैव भारतीय जनता पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे, आपके जाने से जो रिक्तता आई है उसकी कमी कोई पूरा नहीं कर सकेगा पर आपकी स्मृतियां भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के साथ रहेंगी।



पत्रकारिता का क्षेत्र हो या फिर राजनीति श्रद्धेय प्रभात जी की कुशलता और कर्मठता प्रशंसनीय है। कुशल कलमकार, मार्गदर्शक एवं सगंठनकर्ता के रूप में आपका जीवन सदैव प्रेरणादायी है।जब मैं प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त हुआ तो आदरणीय प्रभात जी भाईसाहब का फोन आया उन्होंने मुझे आशिर्वाद और निरंतर मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया। उसके बाद जब मैं मीडिया प्रभारी बना, तो फोन पर हंस कर बोले कि अब तो तुमसे मिलने कार्यालय आना है। जिसके बाद मैं आशीर्वाद लेने उनके निवास गया, जहां उन्होंने मुझे भविष्य की कई समझाइशें उन्होंने अपने मीडिया प्रभारी अनुभव से प्रदान की।

लोकसभा चुनाव के बाद वो कार्यालय आए और किसी कारणवश में उनसे मिल नहीं पाया, जिसके बाद फोन पर हमारा वार्तालाप हुआ तो उन्होंने कहा कि तुम्हारे लिए अपना प्यार तुम्हारे कक्ष में छोड़ आया हूं। जब मैं कार्यालय आया तो देखा कि वो ये पत्र मेरे लिए कक्ष में आशीर्वाद और प्रोत्साहन स्वरूप छोड़ गए... !


**- लेखक मप्र भाजपा के मीडिया प्रमुख हैं।**

### पर्यटन स्थल पचमढ़ी में नागद्वारी मेला 01 अगस्त से 10 अगस्त तक होगा आयोजित

# नागद्वारी मेला में श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराएं: कमिश्नर

- संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने मेला तैयारियों का पैदल ट्रेक का किया निरीक्षण
- मेला स्थल के सभी पॉइंट्स पर रहेगी चाकचौबंद व्यवस्था

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में इस वर्ष नागद्वारी मेला 1अगस्त से 10 अगस्त तक आयोजित होगा। शुक्रवार को नर्मदापुरम संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी एवं कलेक्टर सोनिया मीना ने पचमढ़ी पहुँचकर पैदल ट्रेक कर मेला स्थल के सभी पाइंटो का भ्रमण कर बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान सीसीएफ अनिल शुक्ला, फील्ड डायरेक्टर एसटीआर एल कृष्णमूर्ति, जिला पंचायत सीईओ सौजान सिंह रावत, एसडीएम पिपरिया संतोष कुमार तिवारी, सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



संभागायुक्त श्री तिवारी ने अधिकारियों से कहा कि वे यह सुनिश्चित करे कि मेले में आने वाले शर्द्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने सभी पॉइंट्स पर अधिकारियों को चाकचौबंद व्यवस्था करने के निर्देश दिऐ। श्री तिवारी ने कहा कि मेला अवधि में निर्धारित पॉइंट्स पर चिकित्सा की भी बेहतर व्यवस्थाएं की जाए। मेडिकल टीम मेला अवधि के दौरान तैनात रहे। श्री तिवारी ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सक्रिय रहकर मेला अवधि में अपने दायित्वों को निभाए। श्रृद्धालुओ को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो यह सुनिश्चित करे। यातायात व्यवस्था सुचारू रहे। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मेला अवधि के दौरान पचमढ़ी में साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित हो की प्लास्टिक का उपयोग न हो। अवैध शराब के विक्रय के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए।

खान-पान की दुकानो द्वारा निर्मित खाद्य सामग्री का प्रतिदिन नमूना लिया जाए। मिलावटी खाद्य पदार्थो के विक्रेताओं के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। मेला अवधि के दौरान शुद्ध पेयजल श्रृद्धालुओ को सुचारू रूप से उपलब्ध हो इसके लिए उन्होने लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने होमगार्ड एवं पुलिस अमले को निर्देशित किया कि वे सभी निर्धारित पाइंटो पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे और श्रृद्धालुओ को पूर्ण सहयोग प्रदान करे। इस दौरान संभागायुक्त श्री तिवारी एवं कलेक्टर सोनिया मीना ने नागद्वारी मेला में बनाए गए पाइंट जलगली से कालाधार, जोड़नाल, हनुमानगिरी, चित्रशाला, चिंतामणी गुफा, स्वर्गद्वार, पश्चिमी द्वार, नागद्वारी एवं काजली आदि पाइंटो का स्थल निरीक्षण किया एवं की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संभागायुक्त एवं कलेक?टर ने सभी पॉइंट्स पर की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे यह सुनिश्चित करे कि नागद्वारी मेले की व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहे। संभगायुक्त श्री तिवारी एवं कलेक्टर ने धूपगढ के रास्ते का निरीक्षण किया। और गत दिवस लैण्ड स्कैपिंक के दौरान रास्तों पर जमा हुए पत्थरों को हटाने की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि नागद्वारी मेला से पूर्व रास्ता सुगम हो जाए।

# पुलिस ने किया निलय ड्रीम्स कालोनी से हुई ट्रेक्टर चोरी का खुलासा

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।** पिछले दिनों नीलय ड्रीम्स कॉलोनी से चोरी हुए ट्रैक्टर का पुलिस ने खुलासा किया। थाना प्रभारी उषा मरावी ने बताया कि सियाराम मंडलोई पिता हरिप्रसाद मंडलोई उम्र 37 साल निवासी निलय ड्रीम्स कॉलोनी बानापुरा ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी उसका ट्रेक्टर स्वराज कम्पनी का माडल नं. 855 आरेंज रंग का ट्रेक्टर क्रमांक MP33AB2029 कीमती 03 लाख रूपये का कोई अज्ञात व्यक्ति घर के सामने से चोरी कर ले गया फरियादी कि रिपोर्ट पर थाने पर अपराध क्रं. 487/2024. धारा 303(2) बी.एन.एस. का पंजीवद्ध किया गया एवं घटना से बरिष्ठ अधिकारीयो को अवगत कराया गया।




घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी उषा मराबी द्वारा थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया जो पुलिस टीम द्वारा शहर एवं शहर के बाहरी क्षेत्र के कैमरे के फुटेज देखे गये एवं मुखबिरों से पतारासी की गई जो मुखबिर के माध्यम से पता चला कि दुर्गा कालोनी बानापुरा के लक्की उर्फ यश लौवंसी पिता कमलेश लौवंशी उम्र 20 साल द्वारा अपने साथी रूपेश उर्फ टोलू पिता संतोष कौशल 25 साल निवासी लोधी मोहल्ला सिवनी मालवा ने उक्त ट्रेक्टर दिनांक 21-22 जुलाई की रात्री में नीलय ड्रीम्स से चोरी किया है, जो पुलिस टीम द्वारा दोनो आरोपीयो की तलाश कर अभीरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर दोनो ने बताया कि राजा शर्मा पिता राकेश शर्मा निवासी खपरिया को ट्रेक्टर की आवश्यकता थी और हमे पैसे की आवश्यकता थी इसलिए हमने राजा शर्मा के कहने पर उसके बताने पर निलय ड्रीम्स कालोनी बानापुरा से दिनांक 21-22 की रात्री को आरेंज कलर का स्वराज ट्रेक्टर चुरा लिया था और उसे छिपाकर खड़ा कर दिया था। थाना प्रभारी ने घटना को गंभीरता से लेकर तत्काल कार्यवाही करते हुए चोरी गये ट्रेक्टर को तलाश कर आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें लक्की उर्फ यश लौवंसी पिता कमलेश लौवंशी उम्र 20 साल निवासी दुर्गा कालोनी बनापुरा थाना सिवनी मालवा, रूपेश उर्फ टोलू पिता संतोष कौशल 25 साल निवासी लोधी मोहल्ला सिवनी मालवा थाना सिवनी मालवा, राजा शर्मा पिता राकेश कुमार शर्मा उम्र 22 साल निवासी ग्राम खपरिया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### प्रशासन को प्रकरणों को निपटाने का पर्याप्त समय मिल सके

# लाभार्थियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** राजस्व विभाग से सबका का काम पड़ता है चाहे किसी के पास 100 वर्गफुट जमीन हो या 1000 एकड़ इसे देखते हुए प्रदेश सरकार ने आम जनता के हित में यह निर्णय लिया है यह महा अभियान चलाया है। इस अभियान के लिए पर्याप्त समय भी दिया गया है, जिससे प्रशासन को प्रकरणों को निपटाने का पर्याप्त समय मिल सके। यह बात विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने राजस्व महा अभियान के तहत आयोजित प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम में कही।



राजस्व महाअभियान के तहत लाभान्वित हुए लाभार्थियों को आज प्रमाणपत्र वितरित किए। प्रमाणपत्र वितरण का कार्यक्रम तहसील कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम टी. प्रतीक राव, तहसील सुनीता साहनी नगर पालिका उपाध?यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, भाजपा नेता जयकिशोर चौधरी, राहुल चौरे उपस्थित थे।

अभिलेख दुरुस्ती, स्वामित्व योजना, ईकेवायसी, पीएम सम्मान निधि योजना, नामांतरण, बंटवारा सहित राजस्व के जुड़े विभिन्न कामों के निराकरण करने राजस्व महा अभियान 2.0 चलाया जा रहा है। महा अभियान में उन सभी प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है जो कई दिनों से लंबित पड़े हुए हैं। गुरुवार को कार्यक्रम में महाअभियान के बारे में एसडीएम टी प्रतीक राव ने बताया कि अभियान 18 जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक लगातार दो चुनाव होने से कई सारे प्रकरण लंबित हो गए थे महा अभियान के तहत सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। इसमें राजस्व विभाग के अभिलेख दुरुस्ती, स्वामित्व योजना, ईकेवायसी, पीएम सम्मान निधि योजना, नामांतरण, बंटवारे के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसमें राजस्व से जुडे विभागों को साथ लेकर काम किया जा रहा है जिससे आसानी से प्रकरणों का निराकरण किया जा सके।

इन विषयों पर विधायक ने किया ध्यान आकर्षित विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान एसडीएम का ध्यान आकर्षित कराते हुए बताया कि जब नहर बनी थी, उस समय चकबंदी हुई थी जिसके नंबर आज तक नहीं चढे और न ही नक्शों में आज तक सुधार हो सका है। एक दूसरी समस्या यह है कि जमीन कम है और रजिस्टी के हिसाब से जमीन ज्यादा बिक गई है। इस तरह के विवाद लगातार सामने आ रहे है। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के पास समस्याएं भी ज्यादा और काम भी ज्यादा है इसलिए आप लोग धैर्य से काम लें। तहसीलदार सुनीता साहनी ने कार्यक्रम के अंत में कहा कि हम प्रयास करेंगे कि सभी लंबित प्रकरणों का निपटारा कर दिया जाए। उन्होंने विधायक डॉ.शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने राजस्व विभाग की समस्याओं को समझा और हमें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आपकी आशा के अनुरूप महा अभियान के तहत सभी लंबित प्रकरणों के साथ ही अन्य प्रकरणों का भी निपटारा करेंगे।

## सिवनी मालवा में विधायक निधि से 5 निर्माण कार्यों के लिए

**सिवनी मालवा।** सिवनी मालवा विस के अंतर्गत विधायक प्रेमशंकर वर्मा की अनुशंसा पर जनपद सिवनी मालवा, केसला की विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों के लिए 13 लाख 9 हजार 251 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम से प्राप्?त जानकारी के अनुसार विकास खण्ड सिवनी मालवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत रूपादेह में मेन रोड पर या?त्री प्रतिक्षालय के लिए 2 लाख 59 हजार 942 रूपये एवं ग्राम पंचायत बघवाडा में तोरण द्वार निर्माण के लिए 2 लाख 69 हजार 483 रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

# सड़क पर आवारा घूम रहे पशुओं को लगाए गए रेडियम

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।** सड़क पर आवारा घूमने वाले पशुओं की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। इनके कारण फसलों को नुकसान होता ही है, आए दिन दुर्घटना भी होती रहती हैं। अंधेरे में सड़क पर बैठने से कई वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इस समस्या को देखते हुए गोपाल वेटनरी मेडिकल स्टोर्स तथा रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों ने सड़क पर बैठे गाय-बैलों के सींग में रेडियम चिपकाए। इसी के साथ आसपास से गुजरने वाले वाहन



चालकों को यह समझाइश दी कि सड़क पर पशु बैठा दिखे तो उसे हटाकर दूर कर दें ताकि पशु और वाहन चालक दोनों ही दुर्घटना का शिकार होने से बच जाएं। इस दौरान गोपाल वेटनरी मेडिकल स्टोर्स के संचालक देशबंधु मराठा, रिलाएबल युवा शक्ति संरक्षक डॉ पूनम सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

# नर्मदा कॉलेज में भारतीय वायु सेवा अग्निवीर वायु भर्ती प्रक्रिया पर सेमिनार का आयोजन किया

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में कलेक्टर कार्यालय के निर्देशानुसार कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय वायु सेवा अग्नि वीर वायु भर्ती हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमती बबीता राठौर डिप्टी कलेक्टर नर्मदा पुरम ,व कृति प्रधान तहसीलदार के अतिरिक्त सार्जेंट डी के राणा व सार्जेंट जितेंद्र प्रसाद यादव सम्मिलित हुए । प्रभारी प्राचार्य डॉ एस सी हर्ने ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि देश के अधिकांश युवा भारतीय वायु सेवा में जाना चाहते हैं किंतु जानकारी के अभाव में पिछड़ जाते हैं, इसलिए भारतीय वायु सेवा द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें युवा अग्नि वायु के पद पर 4 वर्ष के तक रहने के बाद नियमित पदों पर जा सकते हैं। तत्पश्चात वायुसेवा सार्जेंट अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को पी पी टी प्रदर्शन के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया के सारे नियम, आवेदन प्रक्रिया, परीक्षा प्रणाली, साक्षात्कार व फिजिकल फिटनेस टेस्ट आदि की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।इस दौरान सेमिनार में प्रश्न मंच का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेता



प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजक व एन सी सी प्रभारी डॉ यास्मीन खान ने आभार व्यक्त करते हुए एनसीसी कैडेट्स को अग्नि वीर भर्ती प्रक्रिया में आवश्यक रूप से सम्मिलित होने का आह्वान किया और इसे देश सेवा का बेहतरीन माध्यम बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ दिनेश श्रीवास्तव ने किया ।उन्होंने विद्यार्थियों को कारगिल विजय दिवस और सेमिनार पर विशेष जानकारियां प्रदान की। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अमिता जोशी, डॉ राजेश दीवान, डॉ कमल वाधवा, डॉ आशीष तोमर, तृप्ति पाराशर ,मनोज यादव ,नितिन सोनी का सक्रिय सहयोग रहा।शहर के अन्य स्कूल कॉलेज से आए विद्यार्थी भी सेमिनार में सम्मिलित हुए।

**मेट्रो एंकर** | नर्मदापुम संभाग में डबल डॉक्टरेट करने वाले एकमात्र शख्स है डॉक्टर तोमर

# बच्चों की भलाई करने वाली विश्वविख्यात संस्था यूनिसेफ के साथ काम करेंगे डॉ. मयंक तोमर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में अलख जगाने वाले डॉ.मयंक तोमर जो सम्पूर्ण संभाग नर्मदापुरम से न केवल डबल डॉक्टरेट हैं बल्कि भारत सरकार के महत्वाकांक्षी साक्षरता कार्यक्रम जो कि नवभारत साक्षरता मिशन है के ब्रांड एंबेसडर बनने वाले पहले व्यक्ति हैं. डॉ.तोमर ने पुलिसिंग में सुधार लाने के लिए भी काम किया, जिसमें पुलिस कर्मचारियों के वेतनमान में वृद्धि, कार्यदिवस की छुट्टी, होमपोस्टिंग आदि शामिल हैं, डॉ. तोमर का इरादा जेलों में कई कल्याणकारी योजनाओं को शुरू करने में शासन का समर्थन करके कैदियों के जीवन में बदलाव लाना था। मयंक तोमर ने स्वच्छता के लिए भी काम किया जिसमें नर्मदा घाटों, बस स्टैंड पर स्वच्छता अभियान



शामिल है और रेलवे स्टेशन से कचरा साफ करने के लिए अपने हाथों में झाड़ू लिया, वह कई युवाओं के लिए आदर्श बन गए जिन्होंने पढ़ाई में अपनी रुचि खो दी क्योंकि उन्होंने कई कोर्स किए जिनमें शामिल हैं 3 मास्टर डिग्री, और विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 5 पीजी डिप्लोमा के साथ डबल ग्रेजुएशन, जिसके कारण उन्हें न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में सम्मान मिला और उन्होंने अंतरराष्टीय स्तर पर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया. पर्यावरण संरक्षण में उनके अविश्वसनीय योगदान के लिए उन्हें %नर्मदा अलंकरण पुरस्कार% तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सीहोर जिले में मिला। डॉ. मयंक तोमर ने बहुत ही कम उम्र में बहुत प्रसिद्धि हासिल की और हाल ही में दुनिया की प्रसिद्ध यूनिसेफ के साथ उनका समझौता ज्ञापन हुआ है जो बच्चों की भलाई के लिए काम कर रहा है. डॉ. तोमर स्कूल जाने वाले छात्रों को शिक्षा प्रदान करने के लिए यूनिसेफ के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे. डॉ.तोमर के ऐसे सभी योगदानों ने उन्हें एक सच्चा सेलिब्रिटी बना दिया है।

डॉक्टर मयंक तोमर को विश्व विख्यात समाजसेवी संस्था यूनिसेफ के साथ बच्चों की शिक्षा के हित में काम करने का अवसर मिलने पर सामाजिक समरसता राष्टीय विचार मंच के अध्यक्ष अरुण दीक्षित संरक्षक के एस राजपूत सहित के एन त्रिपाठी अकरम खान अशोक दिबोलिया भागचंद बरगले सत्तार खान मोहम्मद आदिल फ़ाज़ली असलम भारती फादर विलियम मसीह डॉक्टर सुरेंद्रजीत सिंह के के शर्मा बदन सिंह तोमर महेश शर्मा जयबाला निगम किरण शर्मा एमके तिवारी आशीष तिवारी ललित मोहन यादव रामेश्वर पटेल लल्ला सोनी ओमप्रकाश मालवीय आर के सैनी रिजवान हैदर ओपी तिवारी मधु तिवारी शहीद खान सहित अनेक समाज सेवियों ने डॉक्टर तोमर को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### नर्मदा कॉलेज में रोजगार मेला संपन्न हुआ

# निजी कंपनियों में 77 लोगों को रोजगार मिला

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में 26 जुलाई 2024 को जिला रोजगार कार्यालय एवं स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जिला स्तरीय बृहद कैरियर अवसर मेला का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कुल चौदह कंपनियों ने अपने काउंटर बनाए।सक्सेस स्टार कंपनी ,एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक ,एक्सिस बैंक ,ए यू बैंक एवं अन्य फार्मास्युटिकल कम्पनी आदि कम्पनियों ने कई छात्र-छात्राओं के इंटरव्यू भी लिए। 340 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए व 77 युवा चयनित किए गए। प्रभारी प्राचार्य डॉ एस सी हर्ने ने मेले में आए अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के इस दौर में रोजगार मेले में शामिल होकर आप निजी कंपनियों में रोजगार पा सकते हैं, आप सभी से अपील है कि अपने अभिरुचि के अनुसार ही स्टॉल पर जाएं और आवेदन करें, किंतु फिर भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें। कार्यक्रम संयोजक डॉ आलोक मित्रा ने जानकारी दी की मेले में विभिन्न कंपनी नियोजकों द्वारा सर्विस एडवाइजर, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, डाटा एंट्री ऑपरेटर ,सेल्स मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, मशीन वर्कर, इंश्योरेंस एडवाइजर आदि पदों पर सीधी भर्ती की गई।



कार्यक्रम में मेला प्रभारी प्रो जी पी रैकवार,डॉ बीएल राय , डॉ आर एस बोहरे,डॉ राजीव शर्मा, डॉ दिनेश श्रीवास्तव, डॉ केशव मिश्रा, डॉ एस के झा, श्रीमती मालती पटेल, श्रीमती मेघा रावत, शबनम कुरैशी,श्रीमती मनीषा दुबे,श्रीमती आरती रावत, रीनू वर्मा की उपस्थिति रही।

### ग्राम तरवरिया पहुंचे कलेक्टर, हितग्राहियों से हुए रू-ब-रू

# जीवन में आए बदलाव को हितग्राहियों ने अपनी जुबानी बयां किया

**देखा उद्यान खेती, महिला किसान से खेती के बारे में जाना**





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शासकीय योजनाओं से लाभांवित होने वाले खासकर ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाव को कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने संयुक्त रूप से सिरोंज तहसील के ग्राम तरवरिया में भ्रमण कर जाना है।

कलेक्टर श्री वैद्य ने आज सिरोंज तहसील के ग्राम तरवरिया पहुंचे। इस दौरान हितग्राही श्रीमती शकुन कुशवाह के द्वारा उद्यानिकी क्षेत्र में किए गए नवाचार से कलेक्टर श्री वैद्य प्रभावित हुए है। हितग्राही श्रीमती कुशवाह ने बताया कि उन्हें नाबार्ड के माध्यम से 12 हजार रूपए की सहायता राशि मिली। उन्होंने दो बकरियों से व्यवसाय की शुरूआत कर धीरे-धीरे बढाते हुए उद्यानिकी क्षेत्र में रूझान बढने पर जैविक खेती शुरू की। जैविक उद्यानिकी फसलों से उन्होंने पिछले वर्ष डेढ लाख रूपए का मुनाफा अर्जित किया है।

नाबार्ड द्वारा वाटेरशेड विकास निधि के अंतर्गत विदिशा के सिरोंज ब्लाक के 4 गावों- तरवरिया, छापू रेछान एवं फजलपुर में चल रही पायलट प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया गया है। इस परियोजना में लुपिन फाउंडेशन नाबार्ड की कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य कर रही है। इसके अंतर्गत चयनित गावों में विकासात्मक गतिविधियाँ ग्राम विकास समिति के माध्यम से की जा रही है। इस परियोजना के तहत गेबियन का निर्माण, सी.सी.टी का निर्माण, वनरोपण, प्राकृतिक खेती तालाबों का निर्माण, मल्टी लेयर फार्मिंग, वर्मी कम्पोस्ट डेमोंस्ट्रेशन यूनिट, बायो गैस यूनिट, खेती में माइक्रोन पॉलिथीन शीट बिछाई, ड्रिप सिंचाई, बकरी पालन, मुर्गी पालन, संकर भैंस की आपूर्ति, दुग्ध डेयरी केंद्र की स्थापना इत्यादि कार्य किए जा रहें हैं। अधिकारीगणों ने एकीकृत कृषि मॉडल की खूब प्रशंसा की। इस अवसर पर एक संयुक्त देयता समूह को ऋण से जोड़ा गया। उन्होंने बताया कि संयुक्त देयता समूह योजना के तहत परियोजना क्षेत्र में अभी तक एक करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

### फीता काटकर शुभांरभ

कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला ने फीता काट कर कामधेनु दुग्ध डेयरी की दूग्ध फैट नापक मशीन लोकार्पित की। ग्राम छापू के हितग्राही श्री मुकेश केवट ने बताया कि दोनों समय का मिलाकर कुल 100 लीटर से अधिक दूध होता है। ग्राम से ही दूध कलेक्शन के लिए डेयरी से वाहन आते हैं। इस दौरान नाबार्ड जिला विकास प्रबन्धक श्रीमती जगप्रीत कौर, एलडीएम विदिशा, सिरोंज एसडीएम हर्षल चौधरी एवं डीडी पशुपालन विभाग सहित शासकीय योजनाओं से लाभांवित हितग्राही व ग्रामीणजन मौजूद रहें।


## जिला अस्पताल में एक्यूट फ्लैक्सी पैरालिसिस संबंधी वर्कशॉप का किया आयोजन

**सिरोंज।** जिला चिकित्सालय विदिशा में एएफपी (एक्यूट फ्लैक्सी पैरालिसिस) के संबंध में एक वर्कशॉप का आयोजन डॉक्टर शिरीष रघुवंशी सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय के मार्गदर्शन में किया गया। एसएमओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन) डॉक्टर सागर जवेरी द्वारा जिला अस्पताल के समस्त चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बताया गया कि वर्कशॉप का उद्देश्य डिपथिरिया, खसरा और पोलियो से मुक्त रखा जा सके इस तरह की बीमारी शून्य से 15 वर्ष के बच्चों में होती है उनकी सैंपलिंग कर जांच की जाती है कि बच्चों में पोलियो वायरस के कारण यह बीमारी तो नहीं हुई है की जानकारी उक्त वर्कशॉप में प्रशिक्षार्थियो दी गई और उन्हें बताया गया कि किसी मरीज को बुखार के साथ शरीर मे दाने निकलें तो ये खसरा बीमारी का घोतक होता है। भारत सरकार का लक्ष्य है कि खसरा बीमारी को जड़ से समाप्त किया जाए पर विशेष जोर दिया गया।



डॉक्टर सागर ने बताया कि सिरोंज ब्लॉक मे एक एन एन टी (नियो नेटल टिट्नस) का केस मिला है। वहां व्यापक रूप से टीकाकरण कराया जाएगा। सभी चिकित्सको को सिविल सर्जन डॉक्टर शिरिष रघुवंशी द्वारा सजगता से जांच करने को निर्देशित किया गया है ताकि इस प्रकार के कैसे पाए जाने पर सेम्पलिंग कर जांच के लिए डॉक्टर सागर जवेरी को सूचित करें ताकि उनके द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा सके और बच्चो को डिपथिरिया. खसरा, और पोलियो से मुक्त रखा जा सके। वर्कशॉप के दौरान, डॉक्टर अजय उपाध्याय, डॉक्टर धर्मेंद्र रघुवंशी, डॉक्टर राकेश अहिरवाल सहित जिला चिकित्सालय के अन्य चिकित्सक गण एवं नर्सिंग ऑफिसर द्वारा मौजूद रहे।

## कलुआ महुआ खेड़ा से गायब लड़की को भोपाल से पुलिस ने किया बरामद




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पिछले दिनों महुआ खेड़ागांव से लड़की बहल फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया था हिंदू संगठन के विरोध के बाद पुलिस ने लड़की को भोपाल से बरामद करके परिजनों के हवाले कर दिया है। पथरिया थाना प्रभारी ऋतुराज में बताया अप.क्र. 115/24 धारा - 137(2) बी.एन.एस. की अपहर्ता को दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के द्वारा मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है ।उक्त अभियान के पालन मे एसडीओपी कुरवाई मनीष राज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पथरिया तथा पुलिस टीम ने 21 साल निवासी ग्राम कुलुआ महुआखेडा जो लड़की अन्य युवक के साथ चली गई थी जिसे दस्तयाब कर पूछताछ उपरांत उसके माता पिता को सुपुर्द किया गया। प्रकरण की अग्रिम कार्यवाही जारी हैं। विशेष भूमिका दृ उनि.ऋतुराज सिंह, प्र.आर. जितेन्द्र यादव, म.प्र.आर नाजमा खान, आर. शुभेन्द्र सिंह, आर. अंकुश जाट, आर. सोनू राजपूत, आर1 रवि, आर. आशीष की रही। लड़की हिंदू समाज की थी और उसको साथ ले जाने वाला विदिशा निवासी युवक जो मुस्लिम समुदाय का होने के कारण बजरंग दल विष्णु परिषद में ज्ञापन दिया था।

## सड़कों पर खटारा गाड़ियां मौत बनकर दौड़ रही हैं, कैसे मिल जाता है फिटनेस सार्टिफिकेट ?

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लटेरी मैं अबतक इन खटारा बसों की सघन जांच नहीं हुई है नतीजा, बिना रोक-टोक के ऐसी गाड़ियों का परिचालन धड़ल्ले से हो रहा है यहां तक की अन्य राज्यों में अनफिट घोषित गाड़ियों को लोग सस्ते में खरीद कर यहां चला रहे हैं। यहीं गाड़ियां लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। यही कारण है कि सड़क दुर्घटना में खटारा बसों का काफी योगदान माना जाता है रोक के बावजूद सड़कों पर खटारा बसे फर्राटा भर रहे ही हैं सबसे बुरा हाल तो लटेरी बसों का है जो की 25 सीटर में 40 सवारी और 52 सीटर में 70 सवारी ठूस ठूस कर भर देते हैं लटेरी से अन्य जगह जाती हैं सरकार के काफी सुधार के बाद भी बसें खटारा है, जो सड़कों पर दौड़ रही हैं। इसे देखनेवाला कोई नहीं है। सड़क हादसों पर सरकार से लेकर विभाग तक हाय-तौबा करता है। लेकिन, यातायात नियमों के पालन की दिशा में आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा सका है।



वहीं सड़क पर फर्राटा भर रहे अधिकांश वाहनों के फिटनेस की जांच नहीं हो रही है। दुर्घटना में मरनेवालों के आश्रितों पर जहां दुखों का पहाड़ टूट रहा है, वहीं दुर्घटना में अपंग हुए लोग दुश्वारियां झेलने को मजबूर हैं। लेकिन, न तो सरकार और न ही विभाग इस ओर ध्यान दे रहा है। नतिजा, खटारा बसे, तेज रफ्तार, यातायात नियमों का उल्लंघन और परिवहन विभाग की लापरवाही के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। दर्जनों दुर्घटना खटारा बसों के कारण हुई है। लेकिन आर टी ओ साहब कभी लटेरी आकर बसों की चेकिंग नहीं करते हैं. फिटनेस जांच हवा-हवाई है बहानों के हेड लाइट, बैक लाइट, पार्किंग लाइट, कलर रिफ्लेक्टर और नाही ड्राइवर ड्रेस में रहते है आदि दूर से ही खराब और टूटे हुए नजर आते हैं। बावजूद, इसे कोई देखने वाले नहीं है। नियमों का सख्ती से पालन हो, इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

## कलेक्टर ने राजस्व अभियान का जायजा लिया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर ने लटेरी तहसील कार्यालय पहुंचकर राजस्व महा अभियान 2.0 तहत क्रियान्वित कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और संधारित पंजियों का अवलोकन भी किया। उन्होंने अभियान अवधि को ध्यानगत रखते हुए समुचित राजस्व रिकार्ड अपडेट रखने के निर्देश देते हुए कहा कि अभियान अवधि में नामांतरण, बंटवारा अथवा सीमांकन संबंधी आवेदनों पर कार्यवाही की जाए। न्यायालयीन कार्यो के रिकार्ड पंजी का भी अवलोकन किया वहीं आवेदन प्राप्ति के उपरांत दर्ज करने की प्रक्रिया के संबंध में निर्देश दिए कि एक भी आवेदन स्टॉक पंजी में दर्ज होने से वंचित ना रहे।

कलेक्टर ने राजस्व विभाग से संबंधित मूलभूत कार्य नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित किसानों के ई-केवायसी का कार्यो पर निरंतर कार्य किया जाए। राजस्व अभियान में जितने भी प्रकरण हैं उनका निराकरण करें।



**जिले में राजस्व अभियान 2.0 का क्रियान्वयन जारी:** वदिशा जिले में राजस्व महा अभियान तहत निहित बिन्दुओं का क्रियान्वयन जारी है अभियान तहत जिले में शिविरो का आयोजन कर कार्यो का संपादन किया जा रहा है। इसके साथ ही अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतो और ग्रामो में मुनादी का कार्य भी किया जा रहा है। जिले की बासौदा तहसील की विभिन्न ग्राम पंचायतो में आज शिविरो का आयोजन कर आधार एवं समग्र ईकेवायसी का कार्य पंचायतो द्वारा किया गया है ।

## जिले में अब तक 442.6 मिमी औसत वर्षा सिरोंज में 335 मिमी हुई दर्ज

**सिरोंज।** जिले में इस वर्ष अब तक 442.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है जबकि आज शुक्रवार को 10.7 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती कृष्णा रावत ने बताया कि जिले की तहसीलो में स्थापित वर्षामापी यंत्रो पर शुक्रवार 26 जुलाई की प्रातः आठ बजे दर्ज हुई वर्षा तदानुसार विदिशा में 15 मिमी, बासौदा 2.4 मिमी, कुरवाई में 5.2 मिमी, लटेरी में 5.2 मिमी, ग्यारसपुर में 11 मिमी, गुलाबगंज में सात मिमी, नटेरन में सात मिमी, शमशाबाद में 6.5 मिमी तथा पठारी तहसील में एक मिमी वर्षा दर्ज हुई है जबकि सिरोंज तहसील में वर्षा नगण्य रहीं। जिले की तहसीलो में अब तक दर्ज हुई वर्षा तदानुसार विदिशा में 556 मिमी, बासौदा में 297.5 मिमी, कुरवाई में 505.2 मिमी, सिरोंज में 335 मिमी, लटेरी में 594.1 मिमी, ग्यारसपुर में 420मिमी, गुलाबगंज में 315 मिमी, नटेरन में 427 मिमी, शमशाबाद में 401.7 मिमी तथा पठारी तहसील में 575 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

## कानून व्यवस्था में कहीं चूक ना हो: कलेक्टर



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

गत वर्ष आदिवासी दिवस पर निर्मित हुई विषम परिस्थितियों को ध्यानगत रखते हुए इस वर्ष पुलिस, प्रशासन द्वारा पूर्व में ही सावधानियां बरती जा रही हैं इसी कड़ी के तहत आज कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से मकसूदनगढ़ स्थित चंदेरी रेस्ट हाउस में राजस्व, पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त रूप से बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं


कलेक्टर ने अधीनस्थों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किन्हीं भी परिस्थितियों में कानून व्यवस्था में कहीं चूक ना हो का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सूचना तंत्र के माध्यम से प्राप्त होने वाली जानकारी पर त्वरित अमल करना सुनिश्चित करें के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आज एक आवश्यक बैठक आयोजित कर संबंधित सभी विभागो को निर्देश दिए है कि पिछले वर्ष जो घटना घटित हुई थी इस प्रकार की घटना की पुनर्रावृत्ति ना हो इसके लिए अभी से पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित कर लें।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने कहा कि आज स्थानीय जिला व पुलिस प्रशासन सहित वन विभाग की टीम के द्वारा स्थानीय चुनौतियों से निपटने के लिए रूपरेखा तैयार की गई है। कानून व्यवस्था, वन विभाग से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई है। सभी विभागो के द्वारा संयुक्त रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन किया जाएगा। आगामी समय में किन बिन्दुओं पर कार्य करने की आवश्यकता है पर चर्चा की गई है तथा किसी भी प्रकार से कोई अप्रिय स्थिति निर्मित ना हो इस हेतु प्लान तैयार किया गया है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, लटेरी एसडीएम श्रीमती अनुभा जैन सहित अन्य अधिकारियों के अलावा राजस्व, पुलिस और वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

**मेट्रो एंकर**

### आए दिन हो रहे हैं हादसे, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# सड़कों पर ठोकरें खाने को मजबूर गौवंश, असल फिक्र कम राजनीति ज्यादा!



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

गौ माता के नाम पर राजनीति तो बड़े स्तर पर की जाती है विकासखंड में नगर से लेकर ग्रामीण अंचल में कई गौशालाएं संचालित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र की अधिकांश गौशालाओं में केवल थाना पूर्ति हो रही है राशि जरूर यहां पर निकाली जा रही है पर गायों को रखने का काम कम संख्या में किया जा रहा इस वजह से इनकी भरमार शहर में इन दोनों ज्यादा दिखाई दे रही है । किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए इनको शहर में छोड़कर जा रहे हैं कई नगर वासियों के द्वारा भी दूध निकाल कर इनको छोड़ दिया जाता है। नगर पालिका प्रशासन के द्वारा भी किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं जिनको 64 करोड़ देवी देवताओं से ऊपर दर्जा प्राप्त है पर आज उसकी दुर्दशा देखी नहीं जा रही है। मंचों पर अधिक नेता बड़ी-बड़ी बातें गौ माता को लेकर करते हैं पर उनकी सेवा के लिए अधिकांश लोग सड़कों से गायब रहते हैं उल्टा कहीं जगहों से इनके द्वारा गायों को सड़कों पर मरने के लिए छोड़ने का काम भी कर दिया जाता है । रात के अंधेरे में वाहन चालकों को नजर नहीं आती है इस वजह से दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है इस समय शहर की सड़कों से लेकर मुख्य मार्गों पर जगह-जगह मवेशियों के झुंड बैठे रहते हैं आए दिन कहीं ना कहीं दुर्घटना होने की जानकारी भी सामने आ रही है। आखिर गौ माता की करुणा की पुकार सुनने का कार्य क्यों नहीं किया जा रहा है। गौ माता की सेवा करने की आवश्यक है पर ज्यादा तर लोग दूर भाग रहे हैं लोग कुछ युवा जरूर अपने काम को बखूबी निभा रहा है सुबह से सड़कों पर खड़ी गायों को घास खिलाने का काम करते हैं। कई लोगों के द्वारा केवल दिखावे दिखावे का काम किया जाता है इस वजह से ऐसे हालात बन रहे हैं।

### गांव की अधिकांश गौशालाओं के बुरे हाल

ग्रामीण क्षेत्र से लेकर नगर में संचारित हो रही को शालाओं को शासन से सुविधा भी मिलती हैं पर आज भी गायों को ठिकाना नहीं मिल पा रहा है। नगर की गौशाला में क्षमता से अधिक गायों होने की बात सामने आती है। इस वजह से उनको रखने से इनकार कर दिया जाता है । ऐसी बात है तो प्रतिनिधियों तथा प्रशासन के जिम्मेदारियां को गौशालयों की संख्या शहर में बढ़ानी चाहिए तभी कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है।

### खुले आसमान के नीचे भूख प्यास से भटक रही है

निश्चित ठिकाना नहीं होने के कारण मवेशी सड़कों पर खुले आसमान के नीचे बैठने को मजबूर है भूख प्यास से भी तड़पती रहती हैं कुछ समाजसेवी लोगों के द्वारा चारा उपलब्ध कराने का काम किया जाता है पर इतनी संख्या में इस समय मवेशी शहर में दिखाई दे रहे हैं कि उनकी भूख मिटाना मुश्किल हो रहा है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक-2 लोक निर्माण विभाग, भोपाल**

क्रमांक 2841 / व.ले.लि/ सी-2/ 2024 — भोपाल, दिनांक 12/07/2024

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन निर्माण हेतु जारी एस.ओ.आर जो कि दिनांक 01/01/2024 से लागू तिकया गया है कि दर अनुसूची (तथा निविदा सूचना जारी होने तक उसमें किये गये संशोधनों सहित) पर मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। प्रपत्र में दर्शाये गये कार्यालय में निविदाएं पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से प्राप्त की जावेगी। विभाग पोस्टल विलंब के किये जिम्मेदार नहीं होगा।

| स क्र | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र की राशि (रू.) | 1. ठेके की अनु राशि (रू.) 2. अमानत राशि (रू.) | कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं दिनांक | 1.निविदा प्राप्ति का दिनांक 2. कार्यालय | 1. निविदा खोलने का दिनांक 2. कार्यालय | 1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. आमंत्रण क्र. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | सतपुड़ा भवन के पॉचवीं तल स्थित उच्च शिक्षा कार्यालय में स्टोरेज यूनिट एवं अन्य विविध कार्य | 2000.00 | 1) 9.61 लाख 2) 19.220/- | 30.07.24 को सायं 5.00 बजे तक | 1)31.07.2024 को सायं 3.00 बजे तक 2) कार्या. कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्र-2 लोक निर्माण विभाग, भोपाल | 1)31.07.2024 को सायं 3.00 बजे तक 2) कार्या. कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्र-2 लोक निर्माण विभाग, भोपाल | 1) 01 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम आमंत्रण |

**टीप-**1. कोरे निविदा प्रपत्र निर्धारित राशि के भुगतान कर कार्य पालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक-2 लोक निर्माण विभाग भोपाल कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते हैं।उक्त राशि वापसी योग्य नहीं है। 2. निविदा की वैद्यता खोले जाने की दिनांक से 120 दिन तक की होगी। 3. यदि निविदा प्राप्त होने / खोलने का दिवस शासकीय अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही संपादित की जावेगी। 4. निविदा प्रपत्र क्रय के लिये निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है, यदि निर्धारित दस्तावेज ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं किये जाते हैं, तो निविदा प्रपत्र उन्हें नहीं दिया जावेगा। 01) लोक निर्माण विभाग में वैद्य पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति। फर्म होने की दशा में साझेदारी की डीड एवं पावर ऑफ एटार्नी की प्रति।02) आयकर चुकता प्रमाण पत्र की प्रति। 03) जी.एस.टी.एन. पंजीयन प्रमाण पत्र।

**कार्यपालन यंत्री,**
**राजधानी संभाग क्रमांक-2**
**लोक निर्माण विभाग, भोपाल**
**ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल**
**दूरभाष- 0755-2465467**

G-13848/24

# सुर्खियों में गौतम का 'गंभीर' आगाज

## टीम इंडिया का श्रीलंका दौरा



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

भारत और श्रीलंका के बीच टी20 सीरीज का आज आगाज हो रहा है। 27 से 30 जुलाई यानी 4 दिनों में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जायेगी, इसके बाद 2 अगस्त से 7 अगस्त तक इतने ही मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। एक ओर जहां टी20 फॉरमेट में टीम इंडिया अपने नए कप्तान की अगुवाई में मैदान में उतरेगी, जबकि वनडे प्रारूप में रोहित शर्मा टीम की कमान संभालेंगे। अलग अलग कप्तानों की अगुवाई श्रीलंका के 12 दिवसीय दौरे के भले ही कोई खास मायने न हों, लेकिन तमाम जानकारों की नजरें में यह दौरा गंभीर युग का आगाज कहा जा रहा है,क्योंकि बतौर हेड कोच अगले तीन सालों तक चलने वाले उनके कार्यकाल की शुरुआत श्रीलंका से ही है।टी20 वर्ल्ड कप में श्रीलंका टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था,और वह सुपर 8 के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी।भले ही इस टीम का हालिया खेल खराब रहा हो जिसकी वजह से हसरंगा ने कप्तानी भी छोड़ दी है,लेकिन यह टीम घरेलू मैदान पर हमेशा अपने धमाकेदार खेल के लिए जानी जाती है।ऐसे में अपने ज्यादातर सितारों (बुमराह को छोड़कर)से सजी दोनों टीमों के बीच रोमांचक सीरीज होने की उम्मीद खेल के चाहने वालों को है।सीरीज का फैसला कुछ भी हो लेकिन क्रिकेट के तम्माम जानकार ओर खेल पंडितों की टकटकी टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर की भूमिका पर रहने वाली है।दरअसल हाल ही में गंभीर ने आईपीएल में बतौर मेंटर के रूप में सफलता का स्वाद चखा है, जिसमें उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स को 10 साल में अपना (बतौर मेंटर)पहला और कुल मिलाकर तीसरा खिताब दिलाया।मतलब साफ है कि उनकी हेड कोच नियुक्ति में आईपीएल की सफलता का विशेष योगदान कहा जा सकता है।अब अगर हम आईपीएल और टीम इंडिया के सफल कप्तानों का गठजोड़ का निचोड़ निकालें तो फिर ऐसा माना जा सकता है कि गंभीर के युग में भी टीम इंडिया बड़े कारनामे कर सकती है,जिसमे ऑस्ट्रेलिया दौरा, चैंपियंस ट्रॉफी ओर डब्ल्यूटीसी खिताब प्रमुख हैं।खैर यह बात तो आने वाले साल में अगर मगर के सवालों के बीच लगातार सुर्खियों में बनी रहने वाली है।अब देखना यह है कि द्रविड़ जैसे शांत स्वभाव हेड कोच की जगह लेने वाले युवा गंभीर लेकिन आक्रामक हेड कोच किस अंदाज में दौरे का आगाज करते है।मतलब एक दम साफ है कि टीम इंडिया का 12 दिनी श्रीलंकाई दौरा टीम इंडिया के खेल से ज्यादा गौतम गंभीर के अंदाज ए आगाज की वजह से सुर्खियों में रहने वाला है।





## सीन नदी पर पेरिस की विरासत दिखी, सिंधु-शरत ने तिरंगा थामा

# अद्भुत...अविस्मरणीय, अद्वितीय

**पेरिस, एजेंसी**

ये शब्द पेरिस ओलिंपिक-2024 की ओपनिंग सेरेमनी को बयां करने के लिए काफी नहीं है। सीन नदी की लहरों पर कश्तियों पर सवार परेड ऑफ नेशंस में हिस्सा लेते खिलाड़ी...किनारे पर फैंस...पॉप स्टार लेडी गागा, आया नाकामुका और सेलीन डायोन की मनमोहक प्रस्तुतियों और एफिल टावर पर कमाल की लेजर लाइट ने सेरेमनी को यादगार बना दिया। बारिश की फुहारों ने इस पर चार चांद भी लगा दिए। ऐसा लग रहा था जैसे 'सिटी ऑफ लव' कहे जाने वाला पेरिस 100 साल बाद लौट रहे ओलिंपिक गेम्स का दिल खोलकर स्वागत कर रहा हो। ओलिंपिक गेम्स के इतिहास में पहली पर ओपनिंग सेरेमनी किसी स्टेडियम के बाहर रखी गई।

### सेलीन डियोन की सुरीली आवाज के साथ हॉट बलून ने उड़ान भरी

रात 2.25 बजे खिलाड़ियों की शपथ के बाद फ्रांस की संस्कृति के प्रतीक एफिल टॉवर पर लेजर लाइट शो हुआ। ओलिंपिक मशाल फ्रांस के दिग्गज खिलाड़ियों से होते हुए आगे बढ़ी, जो लीजेंड फुटबॉलर जिनेदिन जिदान, टेनिस दिग्गज राफेल नडाल, धावक एथलीट कार्ल लुईस से फ्रांस के ओल्डेस्ट लिविंग ओलिंपिक चैंपियन 100 साल के साइकिल चालक चार्ल्स कॉस्टे के पास पहुंची। फिर सेलीन डियोन की सुरीली आवाज के साथ हॉट बलून ने उड़ान भरी। इस सेरेमनी से फ्रांस ने सांस्कृतिक विविधता, क्रांति के इतिहास, वास्तुकला की शानदार विरासत की बानगी दुनिया के सामने पेश की। सेरेमनी के दौरान ओलिंपिक मशाल लिए एक मिस्टीरियस मैन आकर्षण का केंद्र रहा। इस ऐतिहासिक सेरेमनी का आगाज रात 11 बजे परेड ऑफ नेशंस से हुआ। परेड में 206 देशों के 6500 से ज्यादा के एथलीट्स आस्टरलिज ब्रिज से 94 नावों पर सवार होकर 6 किमी दूर एफिल टावर की ओर जा रहे थे। ये कस्तियां शहर की ऐतिहासिक इमारतों- कैथेड्रल आफ नोत्रे डेम, लावरे म्यूजियम और कुछ आयोजन स्थलों से होकर गुजरी। सबसे पहले ग्रीस का दल आया, क्योंकि इसी देश में मॉर्डन ओलिंपिक गेम्स की शुरुआत हुई थी। दूसरे नंबर पर रिफ्यूजी टीम आई। भारतीय दल 84वें नंबर पर आया। इसमें पीवी सिंधु और अचंता शरत कमल तिरंगा थामे नजर आए। सबसे अंत में मेजबान फ्रांस का दल आया। भारत के खेल प्रेमी अपने स्टार्स को देखने के लिए आधी रात तक जागते रहे।

## सूर्या की कप्तानी और गंभीर के कोचिंग में पहला दौरा; मिशन 2026 की शुरुआत

# भारत व श्रीलंका टी-20 सीरीज का पहला मैच आज

**नईदिल्ली, एजेंसी**


भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का आगाज शनिवार से हो रहा है। टीम इंडिया नए कोच और नए कप्तान के साथ पड़ोसी देश पहुंची है और इसी के साथ भारतीय क्रिकेट में नए युग की शुरुआत होगी। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को नया हेड कोच बनाया गया है। वहीं सूर्यकुमार यादव को टी20 टीम का कप्तान।

इसी के साथ भारतीय क्रिकेट के गंभीर युग की शुरुआत हो रही है जिसका पहला पड़ाव श्रीलंका है। अपनी बल्लेबाजी से टीम को दो-दो बार विश्व चैंपियन बनाने वाले गंभीर कोच के तौर पर भी टीम इंडिया को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की कोशिश में हैं। लेकिन उनके सामने चुनौती कम नहीं है।



टी20 में रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास लेने के बाद उन्हें इस फॉर्मेट की एक नई टीम तैयार करनी है। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से गंभीर इस काम में जुट गए हैं। इसी के चलते सभी की नजरें इस सीरीज पर। भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत शनिवार से हो रही है। इस सीरीज का पहला मैच पल्लेकेले में खेला जाएगा। इस मैच से ही गंभीर युग की शुरुआत हो रही है। इस मैच पर सभी की नजरें रहेंगी क्योंकि इससे टी20 टीम के भविष्य की झलक मिलेगी। नए कप्तान सूर्यकुमार यादव भी यहां से अपनी नई पारी शुरू करेंगे।

# टेनिस: विश्व नंबर एक जेनिक सिनर हटे



**पेरिस, एजेंसी**

विश्व नंबर-एक टेनिस खिलाड़ी जेनिक सिनर ने पेरिस ओलंपिक से अपना नाम वापस ले लिया है। 22 वर्षीय इटली के खिलाड़ी ने कहा, मुझे आपको यह बताते हुए दुख हो रहा है कि मैं पेरिस ओलंपिक में हिस्सा नहीं ले पाऊंगा। सिनर को टांसिलाइटिस की समस्या हो गई है। सिनर ने कहा, डॉक्टर ने मुझे कुछ दिन खेल से दूर रहने को कहा है।

## विमेंस एशिया कप: पाकिस्तान को हरा फाइनल

# भारत का श्रीलंका से फाइनल खिताबी मुकाबला 28 को होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

श्रीलंका ने पाकिस्तान को हराकर एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली। श्रीलंका के सामने जीत के लिए 141 रन का लक्ष्य था जिसे उसने 19.5 ओवर में 7 विकेट खोकर हासिल कर लिया। फाइनल में श्रीलंका का सामना भारत से होगा। चमारी अट्टापट्टू की कप्तानी पारी के दम पर श्रीलंका ने सेमीफाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को 3 विकेट से हरा दिया। श्रीलंका के सामने जीत के लिए 141 रन का लक्ष्य था जिसे उसने आखिरी ओवर तक चले रोमांचक मैच में 7 विकेट खोकर 19.5 ओवर में हासिल कर लिया। श्रीलंका की ओर से सर्वाधिक 63 रन की पारी कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने खेली। उन्होंने अपनी पारी मे 9 चौके और 1 छक्का लगाया। अट्टापट्टू के अलावा अनुश्का संजीवनी ने नाबाद 24 रन की पारी खेली। आखिरी ओवर में मुकाबला फंस गया था। श्रीलंका को आखिरी ओवर में 3 रन की दरकार थी।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# परिणिती चोपड़ा ने शेयर किया क्रिप्टिक पोस्ट, बोलीं- दूसरों को खुश करने के लिए...

परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ ऐसे पोस्ट शेयर किए हैं, जिसने कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। अपने पोस्ट में परिणीति ने टॉक्सिक लोगों से दूर रहने की बात कही है और साथ ही जिंदगी को अपने हिसाब से जीने की नसीहत दी है। एक्ट्रेस का ये पोस्ट अब चर्चा में है। बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में कुछ ऐसे पोस्ट शेयर किए हैं, जिन्हें देखने के बाद अभिनेत्री के फैंस हैरान हैं। अक्सर अपनी पोस्ट से लोगों के दिल छू लेने वाली परिणीति ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है, जिसे देखने के बाद फैंस कयास लगा रहे हैं कि अभिनेत्री किसी बात से परेशान हैं। वहीं कुछ तो ये भी कहने लगे हैं कि शादी के 10 महीने में ही कहीं उनकी शादी में कुछ दिक्कत तो नहीं आ गई। पिछले साल 24 सितंबर को परिणीति चोपड़ा, राघव चड्ढा के साथ शादी के बंधन में बंधी थीं।


**इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की दिल की बात:** इस बीच परिणीति ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक किताब के पन्ने पर लिखी लाइन की फोटो शेयर की है। इसमें लिखा है- एक ही साल को 75 बार जीकर इसे जिंदगी कहना बंद करो। इसके पहले परिणीति ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह उदास मन के साथ नाव में बैठी नजर आईं। उनके चेहरे से साफ पता चल रहा है कि वह किसी बात को लेकर परेशान हैं। एक्ट्रेस ने इस वीडियो के साथ एक लंबा पोस्ट भी लिखा, जिसमें उन्होंने फैंस को खुद की खुशी के लिए जीवन जीने की नसीहत दी।



**मायूस दिखीं परिणीति चोपड़ा:** परिणीति ने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, इस महीने, मैंने कुछ समय रुककर जीवन पर विचार किया और इसने मेरे विश्वास को दोहराया है- मानसिकता ही सब कुछ है... महत्वहीन चीजों (या लोगों) को महत्व न दें। एक भी सेकंड बर्बाद मत करो। जिंदगी एक टिक-टिक करती घड़ी है।।हर पल आपकी पसंद का होना चाहिए।। दूसरों को खुश करने के लिए जीना बंद करें! जब आप दूसरों की राय से डरते हैं, तो आप अपना जीवन जीना बंद कर देते हैं। और आपके आखिरी दिन पर इससे बड़ा कोई पछतावा नहीं होगा।

# इतना बजट नहीं है मेरा, की पैसे देकर सोशल मीडिया पर तारीफ करवाऊं: जान्हवी

जाह्नवी कपूर सोशल मीडिया पर एक्टिव बनी रहती हैं। कभी अपने वीडियो, तो कई बार फोटोज के लिए चर्चा बटोरती हैं। जाह्नवी कपूर इन दिनों फिल्म उलझ को लेकर ध्यान खींच रही हैं। फिल्म रिलीज के करीब है, तो ऐसे में एक्ट्रेस प्रमोशन में जुटी हुई हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान पेड पीआर यानी पैसे देकर अपनी तारीफ करवाने के आरोपों को लेकर बात की। जाह्नवी कपूर से सवाल किया गया कि जब भी उनके काम की तारीफ होती है, तो सोशल मीडिया पर यूजर्स कहते हैं कि ये उनके पीआर का काम है। जाह्नवी ने पैसे देकर तारीफ करवाई है। जाह्नवी ने एक इंटरव्यू में पेड पीआर वाली बात पर सवाल देते हुए कहा कि उनके पास इतना बड़ा बजट नहीं है कि मैं सोशल मीडिया पर अपनी तारीफ के लिए पैसे खर्च कर सकें। अगर कोई उनके काम के लिए तारीफ मिलती है, तो वो उनके फैंस के प्यार और समर्थन की वजह से है। एक्ट्रेस ने कहा, कोई भी मैं जब देखती हूं न सोशल मीडिया पर गलती से कोई भी तारीफ कर देता है न तो ये बोलते रहते हैं कि ये तो इसका पीआर होगा, ये तो इसका... मैं बोलती हूं नहीं इतना बजट नहीं है कि मैं लोगों से तारीफ करवाऊं। जाह्नवी कपूर से उनके एक्टिंग को लेकर भी राय पूछ गई कि वो खुद को एक अभिनेत्री तौर पर कहां देखती हैं।



# बॉबी और आलिया के बीच होगा एक्शन, टाइट सिक्योरिटी के बीच चल रही 'अल्फा' की शूटिंग



बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग में बिजी हैं. हर कोई इस स्पाई यूनिवर्स फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहा है. 'अल्फा' में आलिया भट्ट का एक्शन अवतार भी देखने को मिलेगा. अब फिल्म को लेकर लेटेस्ट अपडेट सामने आया है. आलिया भट्ट इन दिनों बॉबी देओल के साथ मुंबई में 'अल्फा' फिल्म के लिए एक धमाकेदार एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग कर रही हैं. एक रिपोर्ट के अनुसार, आलिया भट्ट और बॉबी देओल इस समय मुंबई में हैं, जहां वे फिल्म सिटी में तगड़ी सुरक्षा के बीच एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग कर रहे हैं. सोर्स ने बताया कि यह एक जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस होगा, जिसे आप ब्रूटल कह सकते हैं. इस सीन में आलिया और बॉबी देओल धमाकेदार फाइट करते हुए नजर आएंगे. जो इसमें खूब-खराबे से भरपूर होगा. सोर्स ने आगे बताया कि शूटिंग लोकेशन पर कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई है. यह फिल्म के जरूरी सीन्स में से एक है. सेट पर भारी सुरक्षा का इंतजाम किया गया है, जहां कोई भी एंटर नहीं कर सकता है. सेट पर करीब 100 गार्ड्स को तैनात किया गया है. आलिया भट्ट की स्पाई यूनिवर्स 'अल्फा' टाइटल का ऐलान इस महीने की शुरुआत में किया गया था. एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर करते हुए फैंस को जानकारी दी थी कि उनकी फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग शुरू हो गई है. वीडियो क्लिप में अल्फा लिखा हुआ आता है और फिर आलिया भट्ट की आवाज सुनाई देती है. वह कहती हैं कि, 'ग्रीक अल्फाबेट का सबसे पहला अक्षर और हमारे प्रोग्राम का मोटो. सबसे पहले, सबसे तेज, सबसे वीर, ध्यान से देखे तो हर शहर में एक जंगल है और हर जंगल में राज करेगा एक अल्फा.' बताते चलें कि 'अल्फा' यश राज फिल्म्स की पॉपुलर स्पाई यूनिवर्स की फिल्म है, जिसमें शरवरी वाघ भी अहम किरदार में नजर आएंगी.



# जिन खातों में भेजे पैसे, बैंकों को उनका रेकॉर्ड अब रखना होगा

## आरबीआइ की सख्ती: 1 नवंबर से लागू होंगे नियम

**मेट्रो बाजार**

**मुंबई, एजेंसी**





आरबीआइ ने बैंकों में नकद भुगतान सेवा (कैश पेमेंट सर्विस) से जुड़े मानदंडों को कड़ा कर दिया है। बैंकों के लिए प्राप्तकर्ताओं का रेकॉर्ड रखना जरूरी होगा। नए नियम 1 नवंबर से लागू होंगे। नकद भुगतान सेवा के लिए संशोधित ढांचे में कहा गया है कि भेजने वाला बैंक लाभार्थी के नाम और पते का रिकॉर्ड हासिल करेगा और रखेगा। आरबीआइ ने कहा कि भेजने वाले बैंक अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) निर्देश के अनुसार सत्यापित फोन नंबर और स्व-प्रमाणित आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज के आधार पर पैसे भेजने वालों को भी रजिस्टर करेंगे। नए मानदंड में यह भी कहा गया है कि प्रेषक की ओर से किए जाने वाले हर लेनदेन को प्रमाणीकरण के अतिरिक्त कारक (एएफए) की ओर से मान्य किया जाना चाहिए। इसके अलावा प्रेषक बैंक को आइएमपीएस एनईएफटी लेनदेन संदेश के भाग के रूप में पैसे भेजने वाले का विवरण शामिल करना चाहिए। हालांकि इस नियम से इसमें कार्ड-टू-कार्ड ट्रांसफर को बाहर रखा गया है।

# तैयारी: अब नहीं बिकेंगी सरकारी कंपनियां!

**नईदिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार अब सरकारी कंपनियों को निजी कंपनियों व उद्योगपतियों के हाथों बेचने (प्राइवेटाइजोशन) की बजाय उनकी मुनाफा सुधारने और उससे राजस्व कमाने पर जो दे सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, केंद्र सरकार अब प्राइवेटाइजेशन प्रोग्राम को ठंडे बस्ते में डालने की तैयारी कर रही है। मोदी सरकार ने सरकारी कंपनियों के निजीकरण के लिए महत्वाकांक्षी योजना बनाई थी। माना जा रहा था कि तीसरी बार सरकार बनने पर इसे तेजी से आगे बढ़ाया जा सकता है। लेकिन अब सरकार ने इस योजना से पीछे हटने का संकेत दिया है। रिपोर्ट में सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सरकार 200 से ज्यादा सरकारी कंपनियों का मुनाफा सुधारने की योजना पर काम कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को पेश होने वाले आम बजट में नई योजना की घोषणा कर सकती है। इसमें कंपनियों के पास मौजूद बिना उपयोग वाली जमीन का एक बड़ा हिस्सा बेचना और अन्य एसेट्स का मॉनिटाइजेशन शामिल है। इसका मकसद चालू वित्तीय वर्ष 2024-24 में 24 अरब डॉलर यानी करीब 2 लाख करोड़ रुपए जुटाना और इन्हें फिर से पीएसयू कंपनियों में निवेश करना है। नई योजना के तहत प्रत्येक सरकारी कंपनी के लिए अल्पकालिक लक्ष्यों के बजाय 5 साल का प्रदर्शन और उत्पादन लक्ष्य तय किया जा सकता है। एक अधिकारी ने कहा कि सरकार अंधाधुंध संपत्ति बिक्री से ध्यान हटाकर अब पीएसयू कंपनियों के आंतरिक मूल्य को बढ़ाने पर जोर दे रही है। साल 2021 में घोषित योजना के मुताबिक दो बैंकों, एक बीमा कंपनी और स्टील, ऊर्जा और दवा सेक्टर की सरकारी कंपनियों को बेचा जाना था। साथ ही घाटे में चल रही कंपनियों को बंद किया जाना था। लेकिन सरकार केवल कर्ज में डूबी एयर इंडिया को ही टाटा ग्रुप को बेचने में सफल रही।

## कांग्रेस नेता की फैक्ट्री में आग भड़की

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

लांबाखेड़ा स्थित एक अगरबत्ती की फैक्टरी में शुक्रवार-शनिवार की रात आग लग गई। ये फैक्टरी कांग्रेस नेता गोविंद गोयल की है। सूचना पर गांधीनगर, छोला, कबाड़खाना और फतेहगढ़ फायर स्टेशन की दमकलों ने आग पर काबू पाया। यह घटना रात करीब तीन बजे की बताई जा रही है। इसकी पूरी वजह सामने नहीं आई है। शनिवार सुबह तक अगरबत्ती के बुरादे और अन्य सामान से धुआं निकलता रहा। दमकलकर्मियों का कहना है कि सुबह 10 बजे तक आग पूरी तरह से बुझा दी गई। फैक्टरी में कुछ ट्रूबीलर्स भी रखे थे, जो आग की चपेट में आने से बच गए। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। ज्ञात हो कि लांबाखेड़ा इलाके में कांग्रेस के नेता गोयल की पूजा-पाठ नाम से अगरबत्ती की फैक्टरी है। हालांकि आग की वजह से खासा नुकसान होने की बात भी सामने आ रही है। आग की सूचना के बाद में ईंटखेड़ी पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसी फैक्टरी में पहले आग लग चुकी है।



## युवक ने किराना दुकान में 10 रु. के लिए की तोड़फोड़

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित दाल मिल के पास एक युवक ने किराना दुकान में तोड़फोड़ कर दी। दरअसल, उसने किराना दुकान से बीस रुपए की पानी की बोतल ली थी और दस रुपए देना चाहता था। इसी बात को लेकर दुकानदार से उसका विवाद हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गाली-गलौज और दुकान में तोडफोड़ करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सचिन नामदेव (25) रिसालदार कालोनी में रहते हैं और दाल मिल के पास किराने की दुकान चलाते हैं। गुरुवार रात करीब दस बजे वह दुकान बंद कर रहे थे, तभी मोहल्ले में रहने वाला छगन प्रजापति पहुंचा और पानी की बोतल मांगी। सचिन ने उसे 20 रुपए वाली पानी की बोतल दी तो वह 10 रुपए देने लगा। सचिन ने उससे बीस रुपए देने का कहा तो छगन ने गाली-गलौज करते हुए दुकान के काउंटर पर रखी कांच की बर्नियां उठाकर जमीन पर पटक दी।

### कपड़े, दस्तावेज समेत लॉकर की चाबी तक ले गए चोर

# सूने मकान का ताला तोड़ नगदी जेवरात समेत घरेलू सामान चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित स्टर्लिंग ओएसिस, रजत विहार कॉलोनी में सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश, नगदी, जेवरात चुराकर ले गए। बदमाश घर से टीवी, कपड़े और लॉकर की चाबी भी ले गए हैं। पुलिस ने नकबजनी का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार वनीता सोलंकी पति श्री यशवंत सिंह सोलंकी (47) डी-17, वंडर इंटरनेशनल स्कूल के पास स्टर्लिंग ओएसिस रजत विहार कालोनी, में रहती हैं। वे गृहिणी हैं। उनके पति यशवंत सिंह सोलंकी का इंदौर ट्रांसफर हो गया है। गत 17 जुलाई की शाम करीब चार बजे परिवार अपना कुछ सामान लेकर इंदौर शिफ्ट हो गया था। इस दौरान उन्होंने घर की चाबी साफ-सफाई करने के लिए अपनी बाई गिरिजा को दी थी। 23 जुलाई की दोपहर करीब डेढ़ बजे गिरिजा बाई ने पड़ोस में रहने वाली छलोत्रे आंटी के मोबाइल से कॉल कर बताया कि मैं अभी घर पर साफ सफाई करने के लिए आई हूं। मेन गेट का लॉक खोलकर आंगन में गई तो आंगन में गमला लुड़्का पड़ा था और कीचड़ के निशान बने थे। अंदर का दरवाजा भी खुला हुआ था। इसके बाद वह छलोत्रे आंटी के घर पहुंची और कॉल किया।



### रिश्तेदार को पहुंचाया घर

घटना की जानकारी मिलते ही वनीता ने ननद, नंदोई व भाभी को कॉल कर घर जाकर देखने का कहा था। वे घर पहुंचे और वीडियो कॉल कर घर की स्थिति दिखाई। वीडियो कॉल पर उन्होंने देखा तो घर का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। जीने का ताला टूटा हुआ था। वनीता 24 जुलाई को भोपाल लौटी और सामान चेक किया। इस दौरान पता चला कि चोर घर से पुराने इस्तेमाली सोने एवं चांदी के जेवरात, टीवी कुछ नगदी रुपए, कुछ कपड़े समेत अन्य दस्तावेज लेकर गए है। बदमाश अपने साथ बैंक लाकर की चाबी भी ले गए हैं।

### घटनास्थल पर बाइक छोड़कर भागे बदमाश

## स्टोर का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

छोला मंदिर इलाके में एक स्टोर रूम का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटनास्थल पर पुलिस को एक लावारिस बाइक खड़ी मिल थी। अनुमान है यह बाइक बदमाश छोड़कर गए होंगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार मनोज कुमार कुशवाह (41) शारदा नगर नारियलखेड़ा में रहते हैं और एक सिक्योरिटी कंपनी में सुपरवाइजर का काम करते हैं। बीती 20 जुलाई को सेज गोल्डन स्प्रिंग कालोनी अयोध्या नगर में उनकी नाइट ड्यूटी थी। तड़के करीब चार बजे मनोज गार्डों को चैक करने निकले तो उन्हें स्टोर रूम का गेट खुला दिखा। नजदीक जाने पर ताला टूटा और लाईट बंद मिली। उन्होंने सिक्योरिटी गार्ड और स्टोर इंचार्ज को मौके पर बुलाया। चैक करने पर स्टोर में रखी किर्लोस्कर कंपनी की मोटर, चार बंडल वायर, टीवी और एसी के रिमोट, 16 नग एलेरो कंपनी के ताले तथा मार्केटिंग आफिस से एक लैपटाप गायब था। घटनास्थल पर एक मोटर सायकिल लावारिस हालत में खड़ी हुई मिली। इसी थानांतर्गत कल्याण नगर इलाके से एयरटेल कंपनी का फायबर केबिल वायर कोई काट ले गया। पुलिस ने इस मामले में शेख इमरान निवासी पुष्पा नगर कालोनी अशोका गार्डन की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## रास्ते में झगड़े के दौरान चोरी हो गई स्कूटर

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

बागसेवनिया इलाके में झगड़े के दौरान एक युवक मारपीट से बचने के लिए स्कूटर छोड़कर भाग गया। करीब एक घंटे बाद वापस स्कूटर लेने पहुंचा तो वह गायब हो चुकी थी। कई दिनों तक तलाश करने के बाद भी जब स्कूटर का कुछ पता नहीं चला तो युवक ने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक अजय राठौर (31) अमराई बागसेवनिया में रहता था और ड्रायवरी करता है। बीती 21 जुलाई की शाम करीब सात बजे वह अपने दोस्त के साथ स्कूटर से घर लौट रहा था। पहाड़ी वाली दुर्गा मंदिर के सामने साकेत नगर पहुंचा, तभी कुछ लोगों से उसका विवाद हो गया। इस पर अजय मारपीट से बचने के लिए अपनी स्कूटर छोड़कर मौके से भाग निकला। करीब एक घंटे बाद वह स्कूटर लेने पहुंचा तो स्कूटर नहीं मिली। स्कूटर की डिग्गी में सारे कागजात और पर्स भी रखा हुआ था। चोरी गए समान और वाहन की कुल कीमत पचास हजार रुपए बताई गई है।





### जीवन शैली सम्मान

भोपाल. लेखक अशोक मनवानी, माउंट एवरेस्ट पर पहुंचने वाली ज्योति रात्रे को उनकी सेवाओं के लिए जीवन शैली सम्मान दिया गया। इस मौके पर मंत्री कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी और योग आचार्य डा पवन मौजूद थे।

## कोलार समेत अलग-अलग इलाकों से दोपहिया वाहन चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

राजधानी के कोलार इलाके से चोर एक साथ दो बाइक चोरी कर ले गए। इधर कटारा हिल्स समेत कई अन्य स्थानों से भी दोपहिया वाहन चोरी हुए हैं। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अब्दुल रशीद (50) कजलीखेड़ा कोलार रोड पर रहते हैं और ड्रायवरी करते हैं। बीते दिवस उन्होंने डीमार्ट के आगे अपनी बाइक खड़ी की और दुकान पर सामान लेने चले गए। कुछ देर बाद वापस लौटे तो उनकी बाइक गायब हो चुकी थी। इसी प्रकार प्रवेश बाबू केवट (32) गंजबासौदा विदिशा के रहने वाले हैं। फिलहाल वह गौरव नगर कोलार रोड पर रहते हैं और एक कंपनी में जेसीबी मशीन चलाने का काम करते हैं। बीते दिवस उन्होंने अपनी बाइक हाउसिंग बोर्ड सी-ब्लाक की लिफ्ट के पास खड़ी की थी। अगले दिन देखा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। इधर, गौरीशंकर आवासीय परिसर कटारा हिल्स में रहने वाले विक्रम सिंह जाटव की बाइक चोरी चली गई। विक्रम ने पुलिस को बताया कि दोपहर के समय वह काम से घर लौटे और बाइक खड़ी कर खाना खाने के लिए दूसरी मंजिल स्थित फ्लैट पर चले गए। कुछ देर बाद वापस आए तो बाइक गायब थी।

## पार्किंग कर्मचारी ने की आप पार्टी के नेता से मारपीट

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

एमपी नगर पुलिस ने आम आदमी पार्टी के नेता की रिपोर्ट पर एक पार्किंग कर्मचारी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक चित्रगुप्त नगर कोटरा सुल्तानाबाद निवासी प्रदीप खंडेलवाल (55) आम आदमी पार्टी में लोकसभा उपाध्यक्ष हैं। बुधवार को वह काम से एमपी नगर गए थे। जोन क्रमांक-2 स्थित परफेक्ट कोचिंग के सामने उन्होंने अपनी कार पार्क की और काम से चले गए। कुछ देर बाद लौटे तो पार्किंग कर्मचारी ने उनसे पार्किंग के पैसे मांगे। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। प्रदीप जैसे ही कार से नीचे उतरे, वैसे ही कर्मचारी ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट करते हुए जमीन पर गिरा दिया। इससे प्रदीप हाथ-पैर और चेहरे पर चोट आई। वह एमपी नगर थाने पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया।

## पांच सौ रुपए नहीं दिए तो युवक पर किया हमला



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

कोलार थाना क्षेत्र स्थित गणेश नगर में तीन बदमाशों ने एक युवक से शराब के लिए पांच सौ रुपए की अड़ीबाजी करते हुए मारपीट कर दी। इतना ही नहीं आरोपियों ने उस पर छुरी से भी हमला किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार खुमान सिंह (49) गणेश नगर कोलार रोड पर रहते हैं और प्रायवेट काम करते हैं। गुरुवार रात करीब साढ़े 12 बजे वह अपने दोस्त के सिलकर पैदल घर लौट रहे थे। ललिता नगर स्थित होटल के पास पहुंचे, तभी तीन अज्ञात युवकों ने रोक लिया और शराब पीने के लिए पांच सौ रुपए की मांग करने लगे। खुमान सिंह ने रुपये होने से इंकार किया तो तीनों गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इसी बीच एक युवक ने योगेश नाम लेकर बोला कि इसको मारो तो उसने खुमान पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू का वार खुमान के बाएं कान, दाहिने हाथ की हथेली और उंगली में गंभीर चोट आई। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे तो तीनों आरोपी मौके से भाग निकले। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मारपीट और अड़ीबाजी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## सौतेले पिता ने बारह साल की बच्ची से किया दुष्कर्म

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित एक कस्बे में बारह साल की नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना 4 जुलाई की बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही मां उसे थाने लेकर पहुंची, वहां पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया। पुलिस आरोपी को आज गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करेगी। पुलिस के अनुसार 12 साल की किशोरी इलाके में रहती है। उसके पिता की मौत हो चुकी है। मां ने दूसरी शादी की है। पीड़िता का कहना है कि उसके दूसरे पिता उस पर बुरी नजर रखते हैं। गत 4 जुलाई को वह घर में पिता के साथ अकेली थी, मां बाहर काम से गई थी, तभी आरोपी ने अकेला देखकर उसके साथ दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी थी। घटना के बाद से बच्ची गुमसुम रहने लगी थी। मां ने उससे गुमसुम रहने का कारण पूछा तो उसने पिता द्वारा की गई हरकत के बारे में बताया था।

**मेट्रो एंकर**

### अशोका गार्डन में एमजीएम स्कूल के पास देर रात आत्महत्या

# बड़े बेटे से मारपीट करने के बाद खुद को कमरे में बंद कर युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित एमजीएम स्कूल के पास सुभाष कॉलोनी में शुक्रवार रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने अपने बड़े बेटे के साथ मारपीट की और चाकू से हमला भी किया था। हालांकि चाकू बेटे को लगा नहीं है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।**

पुलिस के अनुसार रमेश हारोड़े पिता सुंदरलाल हारोड़े (48) एमजीएम स्कूल के पास, सुभाष कॉलोनी अशोका गार्डन में रहता था। वह पुताई के ठेके लेता?था और खाना बनाने भी जाता था। परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटे हैं। रमेश शराब पीने का आदी था और सप्ताह में जो भी कमाता?था उसका आधा से अधिक रुपए शराब में खर्च कर देता था। उसकी शराब की लत से पत्नी और बच्चे परेशान थे। शुक्रवार रात भी रमेश शराब के नशे में घर पहुंचा था। परिवार से उसकी कहासुनी हुई और बड़े बेटे गगन ने उसे समझाइश देने की कोशिश की। इससे वह भड़क गया और बड़े बेटे गगन से मारपीट शुरू कर दी। उसने गगन पर चाकू से भी हमला किया था, लेकिन किसी तरह गगन ने अपने आप को बचा लिया। इसके बाद रमेश अपने कमरे में चला गया और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर तक रमेश ने दरवाजा नहीं खोला तो परिजन ने उसे आवाज दी थी, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया तो रमेश फांसी के फंदे पर लटका मिला। रात करीब 12 बजे परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया।



## भीम नगर में बारहवीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर में बीती रात बारहवीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटनास्थल का निरीक्षण करने पर एक रजिस्टर मिला है। पुलिस का कहना है कि रजिस्टर बरामद कर लिया है। पीएम के बाद रजिस्टर की जांच की जाएगी। साथ ही उसमें लिखा सुसाइड नोट की हेंड राइटिंग एक्सपर्ट से जांच कराई जाएगी। पुलिस ने जांच का हवाला देते हुए सुसाइड नोट में लिखे कारणों को अभी बताया नहीं है। पुलिस के अनुसार नितेश विश्वकर्मा पिता कमलेश विश्वकर्मा (17) बिहारी मोहल्ला, भीमनगर, अरेरा हिल्स में रहता था और बारहवीं कक्षा में पढ़ता था। कल शुक्रवार रात करीब 9 बजे नितेश ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर पास ही स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी में रखवा दिया था। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा गया।

**रजिस्टर में कैद आत्महत्या के कारण:** पुलिस ने नितेश विश्वकर्मा के कमरे की तलाशी ली थी। इस दौरान उसके कमरे से एक रजिस्टर बरामद किया गया है।







स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022